भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 304 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 29 अक्टूबर 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस हजार वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज
10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## राज्यकर्मचारियों को दिवाली की सौगात, प्रदेश सरकार ने जारी किया बोनस भुगतान का आदेश

**लखनऊ (एजेंसी)।** सरकार ने दिवाली से पहले राज्य कर्मचारियों को तदर्थ बोनस का तोहफा दिया है। सरकार ने राज्यकमिर्यों, सरकारी विभागों के वर्कचार्ज कमिर्यों, सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थानों, स्थानीय निकायों के कर्मचारियों तथा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को वर्ष 2020-21 के लिए 30 दिन के तदर्थ बोनस के भुगतान की स्वीकृति दे दी है।

अपर मुख्य सचिव वित्त एस. राधा चौहान ने बृहस्ततिवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।शासनादेश के अनुसार प्रदेश के सभी पूर्णकालिक अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों, राजकीय विभागों के वर्कचार्ज कर्मचारियों तथा राज्यनिधि से सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थानों, स्थानीय निकायों और जिला पंचायतों के ऐसे कर्मचारियों जिनका वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 (47600-151100 रुपये) (अपुनरीक्षित वेतनमानों में ग्रेड वेतन 4800 रुपये) तक है, को



वर्ष 2020-21 के लिए तदर्थ बोनस के रूप में 30 दिन के वेतन के बराबर की स्वीकृति प्रदान की गई है।

शासनादेश में यह भी कहा गया है कि कर्मचारियों को तदर्थ बोनस की अनुमन्य धनराशि का 75 प्रतिशत भाग संबंधित कर्मचारी के भविष्य निधि खाते में जमा किया जाएगा तथा शेष 25 प्रतिशत का नगद भुगतान किया जाएगा। अगर कोई कर्मचारी भविष्य निधि खाते का सदस्य नहीं है तो उसे यह धनराशि नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट (एनएससी) के रूप में दी जाएगी अथवा उसके पीपीएफ में जमा किया जाएगा। जो कर्मचारी रिटायरमेंट की आयु पर 31 मार्च 2021 के बाद सेवानिवृत्त हो चुके हैं या 30 अप्रैल 2022 तक सेवानिवृत्त होने वाले हैं उनको अनुमन्य तदर्थ बोनस की संपूर्ण धनराशि का भुगतान नगद किया जाएगा।

वित्त विभाग के सूत्रों के मुताबिक तदर्थ बोनस की अधिकतम सीमा 7,000 रुपये है। 30 दिन का बोनस 6,908 रुपये मिलेगा। कर्मचारियों को 25 प्रतिशत नकद भुगतान होने पर उनके हाथ में बोनस के 6,908 रुपये में से 1,727 ही हाथ में आएंगे। ग्रेड पे-4800 रुपये तक के 12 लाख से अधिक अराजपत्रित कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। बोनस का भुगतान दिवाली से पहले हो जाएगा। उ.प्र. सचिवालय संघ के अध्यक्ष यादवेंद्र मिश्र ने बोनस के भुगतान आदेश जारी करने के लिए सरकार का आभार जताया है।

### 150 रुपए तक जाएगा पेट्रोल का भाव! डीजल में भी उछाल की आशंका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की परेशानी बढ़ा दी है। देश के अधिकतर शहरों में पेट्रोल 100 रुपए प्रति लीटर के स्तर को पार कर लिया है। वहीं, कई शहरों में डीजल के भाव भी 100 रुपए से ज्यादा हो गए हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का ये सिलसिला आगे भी जारी रहने की आशंका है।

**क्यों है आशंकाः** दरअसल, मार्केट स्टडी और साख निर्धारण करने वाली कंपनी गोल्डमैन सैक्स का अनुमान है कि ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें अगले साल तक 110 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच जाएंगी। ये मौजूदा स्तर 85 डॉलर प्रति बैरल से 30 फीसदी अधिक है। अनुमान के मुताबिक कच्चे तेल की कीमत 147 डॉलर प्रति बैरल के ऑल टाइम हाई लेवल को भी टच कर सकती है।कच्चे तेल की कीमतों का ये लेवल साल 2008 में था। ये वो वक्त था जब दुनिया आर्थिक मंदी की चपेट में थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर ऐसा होता है तो पेट्रोल की कीमत 150 रुपए तक जा सकती है। वहीं, डीजल की बात करें तो भाव 140 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच सकता है। हालांकि, गोल्डमैन सैक्स का ये अनुमान अगले साल के लिए है।

राहत की उम्मीद नहींः पेट्रोल और डीजल पर सरकार की ओर से राहत की उम्मीद कम ही दिख रही है। पहले से ही जीएसटी के दायरे में लाने के विचार का विरोध हो रहा है। वहीं, केंद्र सरकार टैक्स की कटौती कर अपने राजस्व को कम करने के मूड में नजर नहीं आ रही है। ऐसे में इसका बोझ आम जनता पर पड़ सकता है। लगातार बढ़ रही कीमतेंः बता दें कि देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। गुरुवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 35-35 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई।

## अखिलेश यादव ने आजमगढ़ में बांटे लैपटॉप, सीएम योगी पर कसा तंज-साढ़े चार साल कौन सी टैबलेट देते रहे आप



**आजमगढ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मेधावी छात्र-छात्राओं में लैपटॉप बांटे। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र में जो लिखा था कि लैपटॉप देंगे लेकिन बच्चों को ढूंढने से नहीं मिला। आज अखबार उठाकर देखा तो पता चला कि टैबलेट आ रही है कोई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी को पहले बताना चाहिए कि साढ़े चार साल इन बच्चों को कौन सी टैबलेट देते रहे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा ये आज की पीढ़ी के बच्चे हैं। पुरानी पीढ़ी वालों ने चॉक और पट्टी से पढ़ाई की होगी। लेकिन जमाना बदला है। नई पीढ़ी आई है। यह पीढी सिर्फ भारत नहीं दुनिया की जानकारी भी हासिल करने का माध्यम रखती है। मुझे खुशी है कि जिस समय सपा सरकार में लैपटॉप बांटे जा रहे थे नई पीढ़ी के लोग काफी खुश हो गए थे। ये लैपटॉप बच्चों के बड़े सपनों को पूरा करने में मदद करेगा। अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बहुत चिंतित हैं कि कौन आ रहा है। सोच-विचार में पड़ गए हैं। इस बार यूपी की जनता ने तय किया है कि झूठा वादा करने वालों को हटाकर रहेंगे। यूपी से बीजेपी का सफाया करके रहेंगे। सीएम साहब समाजवादियों का लैपटॉप खोलकर देखेंगे तो पता चल जाएगा कि कौन आ रहा है। गौरतलब है कि कल सीएम योगी ने सपा के 'मैं आ रहा हूं...' स्लोगन वाले पोस्टर पर तंज कसते हुए कहा था कि सपा के आने का मतलब है कि अराजकता, अव्यवस्था, गुंडागर्दी आ रही है।पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि सीएम लैपटॉप नहीं चलाएंगे क्योंकि उन्हें लैपटॉप चलाना नहीं आता है।

### गोवा में ममता के मिशन को मजबूत करने वाले प्रशांत किशोर ने कहा-

## दशकों तक दमदार स्थिति में रहेगी बीजेपी

**पणजी (एजेंसी)।** चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर इन दिनों तृणमूल कांग्रेस के गोवा मिशन को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। गोवा यात्रा के दौरान उन्होंने कहा कि आने वाले कई सालों तक भारतीय जनता पार्टी का राज्य में दबदबा कायम रहेगा।

प्रशांत किशोर का मानना है कि राजनीतिक पार्टियों को भाजपा से अभी कई दशकों तक लड़ाई लड़नी होगी। बता दें कि प्रशांत किशोर ने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को इस साल सत्ता वापसी करने में मदद की थी। इसे देखते हुए ममता बनर्जी ने उन्हें गोवा में ऊश्ण् को मजबूत करने का जिम्मा दिया है। वहीं भाजपा की मजबूत स्थिति पर किशोर ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने गोवा संग्रहालय में तृणमूल कांग्रेस के एक



चुनाव कार्यक्रम के दौरान कहा कि वो (राहुल गांधी) इस भ्रम में थे कि बस कुछ समय की बात है और लोग नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटा देंगे।

पोल कंसल्टेंसी फर्म इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (र्घ्ञ्ण) के प्रमुख ने कहा कि सत्ता से हटाने के लिए पहले आपको नरेंद्र मोदी की ताकत का अंदाजा लगाना होगा। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो आप हराने के लिए उन्हें कभी भी काउंटर नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि आपको समझना होगा कि आखिर वो कौन सी चीज है जो उन्हें लोकप्रिय बना रही है। भाजपा के सत्ता से हटने को लेकर प्रशांत किशोर ने साफ तौर पर कहा कि 'इस भ्रम में मत रहिए कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नाराज हैं और उन्हें सत्ता से हटा देंगे। हो सकता है लोग मोदी को सत्ता से बाहर कर भी दें, लेकिन भाजपा अभी कहीं नहीं जा रही है। इसके लिए आपको अगले कई दशकों तक इंतजार करना होगा और कांग्रेस व बाकी दलों को लड़ाई लड़नी होगी। चुनावी रणनीतिकार ने कहा कि आप किसी भी कांग्रेसी नेता या किसी क्षेत्रीय नेता से मोदी सरकार पर बात करें तो उनका कहना होता है कि बस कुछ समय की बात है। लेकिन ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि केवल एक तिहाई लोग ँव्झ् को वोट दे रहे हैं, या ँव्झ् का समर्थन करना चाहते हैं। परेशानी यह है कि दो-तिहाई मतदाताओं का पक्ष इतना बिखरा हुआ है कि यह 10, 12 या 15 राजनीतिक दलों के हिस्से में है और यही वजह है कि कांग्रेस पतन पर है।

## विधानसभा चुनाव में सौ से अधिक सीटों पर मजबूती से लड़ेगी पार्टी : राजा भैया



**नोएडा (एजेंसी)।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने कहा कि उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी सौ से अधिक सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारकर मजबूती से चुनाव लड़ेगी, लेकिन राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ प्रत्याशी नहीं उतारा जाएगा। नोएडा के सेक्टर-46 के बरात घर में जनसेवा संकल्प यात्रा के समापन अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करने से पूर्व पत्रकारों से वार्ता करते हुए राजा भैया ने कहा कि वर्ष 2018 में पार्टी की स्थापना हुई थी लेकिन कोरोना वायरस के प्रकोप की वजह से जनता से उस वक्त संवाद स्थापित नहीं हो पाया था। उन्होंने कहा कि कोविड का प्रकोप कम होने पर अब पार्टी जन सेवा संकल्प यात्रा के माध्यम से जनता से सीधा संवाद स्थापित कर रही है। उन्होंने बताया कि तीसरे चरण की यात्रा आगरा से शुरू हुई जिसका समापन नोएडा में हुआ है। राजा भैया ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य कार्यकर्ताओं और समर्थकों से सीधे संवाद के साथ-साथ प्रदेश की जनता से पार्टी प्रत्याशियों के लिए आशीर्वाद लेना भी है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी ने अभी तक 100 से अधिक सीटें चिन्हित की हैं जिन पर जल्द प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी। पार्टी पूर्वांचल, पश्चिम व बुंदेलखंड में मजबूती से चुनाव लड़ेगी। राजा भैया ने अभी तक किसी भी राजनीतिक पार्टी से गठबंधन होने की बात से इनकार करते हुए कहां की भविष्य में जैसी स्थितियां बनेंगी तब उन पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी किसानों, नौजवानों सहित अन्य स्थानीय मुद्दों पर चुनाव लड़ेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ पार्टी का प्रत्याशी उतारे जाने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री के साथ साथ गोरक्ष पीठ के पीठाधीश्वर भी हैं।

## ड्रग ऑन क्रूज केस : बॉम्बे हाई कोर्ट ने शाहरुख के बेटे आर्यन खान को दी जमानत, साथ में अन्य 2 आरोपियों को भी राहत

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने क्रूज ड्रग्स मामले में शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को जमानत दे दी है। आर्यन के अलावा अरबाज मर्चेंट और मुनमुन धमेचा को भी जमानत दे दी गई है। कोर्ट शुक्रवार को इस मामले में विस्तृत आदेश सुनाएगा। इस बारे में पूर्व अटॉर्नी जनरल और आर्यन खान के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि बॉम्बे हाई कोर्ट ने आर्यन खान, अरबाज मर्चेंट, मुनमुन धमेचा को 3 दिन की बहस को सुनने के बाद जमानत दे दी है। इस बारे में विस्तृत आदेश कल दिया जाएगा। उम्मीद है कि आर्यन और उनके दोस्त शुक्रवार या शनिवार को जेल से बाहर आ जाएंगे। आर्यन खान को जमानत मिलने पर एक्टर सोनू सूद ने ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा कि समय जब न्याय करता है, तब गवाहों की जरूरत नहीं पड़ती।

बता दें कि आर्यन खान को एनसीबी ने ड्रग्स केस में गिरफ्तार किया था। आर्यन की इससे पहले सेशंस कोर्ट में 2 बार जमानत याचिका खारिज हुई थी। हालांकि अब वह बाहर निकल सकेंगे। एनसीबी की तरफ से वकील अनिल सिंह ने कहा था कि ये पहली बार नहीं है, जब आर्यन ने ड्रग्स लिया है। वह ड्रग्स पेडलर के संपर्क में थे। वकील ने ये भी कहा कि अरबाज, आर्यन खान के बचपन के दोस्त हैं। भले ही आप ड्रग्स के



कब्जे में नहीं हैं, लेकिन आप साजिश का हिस्सा हैं, तो आप कानून की एक ही धारा के तहत दंडनीय होंगे। एनसीबी का प्रतिनिधित्व करने वाले एएसजी अनिल सिंह ने बॉम्बे हाई कोर्ट को बताया कि विपक्षी खेमे ने टेस्टिंग के बारे में बात की है, लेकिन परीक्षण क्यों होना चाहिए हमारा मामला खपत का नहीं है बल्कि कब्जे का है। आरोपी 1 (आर्यन खान) ड्रग्स के कब्जे में था। अनिल सिंह ने कहा कि अगर हम व्हाट्सएप चैट पर भरोसा करते हैं तो उसने (आर्यन खान) व्यावसायिक तौर पर ड्रग्स की बिक्री करने की कोशिश की थी।

## मायावती ने कानपुर में चला ब्राह्मण कार्ड, अरुण मिश्रा को बनाया बसपा प्रत्याशी

**कानपुर (एजेंसी)।** सोशल इंजीनियरिंग के बूते एक बार फिर उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने की जुगत में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने उत्तर प्रदेश की औद्योगिक नगरी कानपुर की कल्याणपुर विधानसभा में अरूण मिश्रा को संभावित उम्मीदवार बनाकर ब्राह्मणों को लुभाने का प्रयास किया है। पार्टी ने न्यू शिवली रोड पर एक गेस्ट हाउस में गुरूवार को कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जिसमे बसपा कॉर्डिनेटर नौशाद अली ने अरुण मिश्रा को उम्मीदवार बनाए जाने की जानकारी



मंच से दी। उन्होने कहा कि कल्याणपुर विधानसभा से 2022 के प्रत्याशी अरुण मिश्रा हैं। उन्हे पार्टी की ओर से अधिकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि अरुण मिश्रा एक व्यापारी नेता भी है और वह लंबे समय से बसपा से जुड़े हुए हैं.उनकी पहुंच जनता के बीच बेहद अच्छी है और सबसे खास बात है कि साफ-सुथरी छवि के व्यक्ति हैं।

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर गरजे हजारों कर्मचारी और शिक्षक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर 28 अक्टूबर को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में हजारों की संख्या में कर्मचारियों को शिक्षकों ने धरना-प्रदर्शन किया। प्रयागराज के पत्थर गिरिजा घर पर हजारोंकी संख्या में जुटे कर्मचारी-शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आवाज बुलंद की। धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारी शिक्षक अधिकारी पेंशनर्स अधिकार मंच ने इस धरना-प्रदर्शन को लीड किया। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर गुरुवार की दोपहर हजारों की संख्या में कर्मचारी शिक्षक और सेवानिवृत्त कर्मचारी पत्थर गिरजा घर पर पहुंचे। वहां पहुंचकर सभी धरने पर बैठ गए। कर्मचारियों ने कहा कि 5 अक्टूबर को मोटरसाइकिल रैली निकालकर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन सौंपा गया था। सरकार ने अभी तक उस मामले में कोई कदम नहीं उठाया। पुरानी पेंशन बहाली की मांग पर कोई निणन्य नहीं लिया गया है। आज फिर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन चल रहा है। सरकार अगर इस बार भी कोई निणन्य नहीं लेती है तो बड़ा आंदोलन करने पर कर्मचारी मजबूर होंगे। धरने को संबोधित करते हुए पुरानी पेंशन बहाली अधिकार मंच के संयोजक बीके पांडे ने कहा की सरकार से पुरानी पेंशन बहाली शिक्षामित्रों के स्थायीकरण कर्मचारियों के वेतन विसंगति दूर करने के मामले में समितियां तो कई गठित की गई पर अभी तक उसका परिणाम शून्य रहा है संघ डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के मंडल सचिव डीके राजपूत ने कहा कि पेंशन हमारा हक है पेंशन में बदलाव करके सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के साथ धोखा किया है। सभा को संबोधित करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री शिव बहादुर सिंह ने कहा कि सरकार को पुरानी पेंशन बहाल करना ही होगा। माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडलीय मंत्री अनुज कुमार पांडेय ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों का हक है। सरकार इसे मार नहीं सकती। इस अवसर पर धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि कर्मचारियों के कैशलेस इलाज की नियमावली बन जाने के बाद भी आज तक उसे सरकार ने लागू नहीं किया है। भाजपा सरकार में सबसे उपेक्षित कर्मचारी और शिक्षक ही है। अगर यही रवैया रहा तो कर्मचारी और अधिकारी बड़े आंदोलन को मजबूर हो।

सभा को संबोधित करने वालों में ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, मंडल संयोजक इं. बीके पांडेय, राग विराग, मंडल महासचिव बीके द्विवेदी, जनपद महासचिव मनोज शर्मा, वसीम अहमद, शिक्षामित्र संघ के अध्यक्ष, दयाशंकर यादव अध्यक्ष सफाई कर्मचारी संघ, मंत्री तेजबहादुर भारती, कलेक्ट्रेट के जोनल अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, पूर्व जिलामंत्री परिषद रजीउद्दीन, एडीए के मंत्री, रमेश शंकर श्रीवास्तव, अजय राजू, अजय कुमार, नसीम, अन्सारूल हूदा, जगदीश प्रसाद (जिला मंत्री माध्यमिक शिक्षक संघ) रिजवान आदि भी शामिल रहे। प्रदर्शन में जनपद के सभी संगठन के पदाधिकारियों/सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

## खबर संक्षेप

### खेत में पानी जाने के विवाद में दो का चालान

**सहसों।** खेत में पानी जाने के विवाद में दो पक्षों में कहासुनी में विवाद के चलते थरवई पुलिस ने दो लोगों का चालान कर दिया। थरवई थाना क्षेत्र अंतर्गत थानापुर गांव में दो पक्षों में खेत में पानी जाने के विवाद में कहासुनी होने लगी। विवाद बढ़ता देख सूचना पाकर थरवई थाने के हलका इंचार्ज उप निरीक्षक मोहम्मद अली खां मय हमराह कांस्टेबल नीतीश कुमार के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को बहुत समझाया बुझाया परन्तु ना मानने पर दोनों पक्षों से अभय राज सिंह पुत्र स्वर्गीय माता प्रसाद उम्र 50 वर्ष व राजेश कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय माता प्रसाद उम्र 44 वर्ष निवासी गंण थाना पुर को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। जहां इनके विरुद्ध शांति भंग में लिखा पढ़ी करते हुए चालान कर न्यायालय के समक्ष भेज दिया गया।

# वैक्सीनेशन में अच्छा कार्य : ग्राम प्रधानों, ए.एन.एम. एवं अध्यापकों को डीएम ने किया सम्मानित


वैक्सीनेशन में अच्छा कार्य करने वाले ग्राम प्रधान अध्यापक व एएनएम सम्मानित होने के बाद जिलाधिकारी के साथ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री गुरूवार को संगम सभागार में कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम में ब्लाकवार अच्छा कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों, ए0एन0एम0 एवं अध्यापकों को सम्मानित किया। विकास खण्ड फूलपुर के ग्राम पंचायत गगौर की प्रधान श्रीमती गुन्जा देवी, ए0एन0एम0 श्रीमती कामिनी एवं अध्यापक अजय पाण्डेय, आटा की ग्राम प्रधान श्रीमती स्वाती देवी ए0एन0एम0 श्रीमती रेखा राय, होलागढ़ विकास खण्ड के काशीपुर के ग्राम प्रधान रंजीत सचान ए0एन0एम0 श्रीमती शिव कन्या देवी अध्यापक नरेन्द्र सिंह, चाका के बलापुर की ग्राम प्रधान श्रीमती नीलम पथिक महेवा ग्राम पंचायत की ए0एन0एम ममता यादव, शंकरगढ़ के गडैया लोनीपार के प्रधान राज नारायण सिंह, ए0एन0एम0 श्रीमती नेहा सिंह एवं अध्यापक रावेन्द्र द्विवेदी, रणविजय सिंह एवं अंकित पाण्डेय को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, मुख्य चिकित्सा धिकारी नानक सरन सहित सभी सम्बंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

**कार्यों में लापरवाही पाये जाने पर कई प्रभारी चिकित्साधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी सहित उनके स्टॉफ को निर्देशित किया कि मरीज तथा उनके परिजनों के साथ व्यवहार अच्छा करें। उन्होंने बॉयोमेडिकल का ट्रीटमेंट की जानकारी ली। नोडल अधिकारियों को समय समय पर निरीक्षण के लिए कहा तथा जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा में मऊआइमा के प्रभारी चिकित्साधिकारी से स्पष्टीकरण तलब करअगली बैठक तक कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया हिदायत दी है कि अगली बैठक तक यदि प्रगति अच्छी नहीं पायी गयी तो कड़ी कार्रवाई की जायेगी। संस्थागत प्रसव की समीक्षा में समस्त एमओआईसी को प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिये है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व वंदना योजना के अन्तर्गत हाईरिस्क प्रेग्नेंसी के चिन्हीकरण में शंकरगढ़ की प्रगति खराब पाये जाने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए कहा है। आशाओं के भुगतान की प्रगति खराब पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। तत्काल भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। हाईरिस्क प्रेग्नेंसी रजिस्टेशन में सैदाबाद के प्रभारी चिकित्साधिकारी से स्पष्टीकरण तलब किया है तथा सही जानकारी न दे पाने पर डीसीपीएम अशफाक से स्पष्टीकरण देने के लिए कहा है। मील्स एण्ड रूवेला में प्रगति खराब पाये जाने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी से स्पष्टीकरण, बच्चों के पंजीकरण की प्रगति खराब पाये जाने पर फूलपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं वीपीएम से स्पष्टीकरण प्रस्तु करने के लिए कहा है। हेल्थ एवं वेल्नेंस सेंटर की समीक्षा करते हुए कहा कि नये बनने वाले वेल्नेस सेंटर के निर्माण की कार्यवाही शीघ्रता से सुनिश्चित हो अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन में कोई भी लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। इस अवसर पर सीडीओ श्री शिपू गिरि, सीएमओ श्री नानक सरन, अपर मुख्य चिकित्साधिकारीगणों के अलावा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारीगण तथा अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### डॉ. सिद्धिविनायक अस्पताल का विधायक ने किया उद्घाटन



**मेजा रोड।** मेजा के पौसिया मे भाजपा विधायक ने नवनिर्मित अस्पताल का उद्घाटन किया। बता दें कि बृहस्पतिवार को पौसिया दुबे मे विधायक नीलम करवरिया ने सिद्धिविनायक अस्पताल एवं मैटरनिटी होम का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान विधायक ने कहा कि यहां अस्पताल खुलने से ग्रामीण लोगों को ज्यादा दूरी के चक्कर नही लगाने पड़ेंगे। ग्रामीण क्षेत्र मे अस्पताल होने की वजह से लोगों को इलाज कराने मे आसानी होगी। अस्पताल के निदेशक डॉ बृजेश द्विवेदी ने कहा कि सभी रोग के डाक्टर, जांच व 24 घंटे इमरजेंसी की सुविधा की गई है। उद्घाटन समारोह मे मुन्नन शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि शैलेश पाण्डेय, विधायक के निजी सचिव जितेन्द्र शुक्ला, राहुल द्विवेदी, अशोक कुमार दुबे, डॉ वी के द्विवेदी, डॉ प्राची द्विवेदी, डॉ संतोष दुबे, कामेश्वर पटेल, हीरालाल द्विवेदी, देवाशीष द्विवेदी उर्फ हलचल गुरु, आशीष द्विवेदी, संजय द्विवेदी, पूर्व बीडीसी विनीत द्विवेदी सहित कई लोग मौजूद रहे।

### उज्जवल योजना के तहत वितरित किया गया गैस सिलेंडर



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र ब्लाक उरूवा में गुरुवार को ग्राम सभा खानपुर के प्राथमिक विद्यालय में प्रधानमंत्री द्वारा चलाई गई उज्जवला योजना के तहत ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गोरेलाल गुप्ता के द्वारा 17 लाभार्थी महिलाओं को निशुल्क गैस सिलेंडर वितरित किया गया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि गोरेलाल गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई उज्जवल योजना के माध्यम से लाखों लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। साथ ही रसोई गैस पर घरेलू सामग्री बनाने पर समय, प्रदूषण खर्चा दोनों की बचत होती है। इस अवसर पर बबलू गुप्ता दुर्गा प्रसाद गुप्ता, रामकैलाश कौनोजिया,अंशु तिवारी ,शिवम पंडित आज बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित थे।

### नागरिक पीजी कालेज जंघई में प्राचार्य ने किया पदभार ग्रहण



**जंघई।** नागरिक पीजी कालेज जंघई में आयोग द्वारा नियुक्त प्राचार्य डाक्टर राजीव कुमार मालवीय को प्रबंध समिति की बैठक में गुरुवार को प्रबंधक परशुराम त्रिपाठी द्वारा कार्यभार ग्रहण कराया गया।उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व डाक्टर मालवीय प्रतापगढ़ जिले के एमडीपीजी कालेज में शिक्षा शास्त्र विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष पद पर कार्यरत थे।डाक्टर मालवीय की छवि एक समर्पित प्राध्यापक की रही है।इनकी 40 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है।कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर निवर्तमान प्राचार्य डाक्टर प्रमोद कुमार तिवारी एवं विभागाध्यक्ष भूगोल एवं अन्य प्राध्यापक एवं कर्मचारियों ने उनका माल्यार्पण कर उन्हें बधाई दिया।अपने संबोधन में डाक्टर मालवीय ने अपने अनुभवों की साझेदारी की और प्रबंधक की मंशा के अनुरूप महाविद्यालय को नई ऊंचाई पर ले जाने की प्रतिबद्धता जाहिर किया।इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष यदुनाथ द्विवेदी, सदस्य सुरेश पांडेय, कपिल देव तिवारी, बाबुल नाथ सरोज सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

# मानक दर किनार बनाई जा रही पीएम सड़क , ग्रामीणों में आक्रोश


मानक को दरकिनार कर बनाई जा रही सड़क

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** क्षेत्र के चित्रकूट मार्ग से चिल्लागौहानी तक लगभग सात किलोमीटर तक बनाई जा रही प्रधानमंत्री सड़क रोजगार योजना की सड़क में कार्यदाई संस्था द्वारा घोर लापरवाही देखने को मिली है । जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। 733.87 लाख की लागत से क्षेत्र की महत्व पूर्ण सड़क जसरा चिल्लागौहानी मार्ग का निर्माण विगत तीन माह से अधिशाषी अभियन्ता निर्माणखंड2 की देखरेख में मेसर्स गंगा इंफ्राबिल्ड प्रालि,3 हरजिंदर नगर कानपुर द्वारा कराया जा रहा है । आरोप है कि उक्त मार्ग पर ना तो मानक के अनुरूप शुरूआत में ही मिट्टी का कार्य किया गया और ना ही अब गिट्टी और मोरम को ही डाला जा रहा । गिट्टी डालकर उसके ऊपर मामूली मोरम की जगह पहाड़ का पथरीला डस्ट डालकर छिड़का जा रहा है जिससे अधिकांश जगह गिट्टियां उधर गई है । जिससे सड़क निर्माण कार्य मे जहां लापरवाही हो रहीं है । उधरी गिट्टियों के चलते खासकर बाइक व साइकिल सवार यात्रियों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है । पचखरा गांव के राम लोचन दुबे व अभयराज सिंह ने बताया कि इस तरह की लापरवाही पूर्ण कार्य की शिकायत जब निर्माण करवा रहे कार्यदाई संस्था के लोगों से की जाती है तो कार्य मे सुधार कराने के बजाय शिकायत करने वाले लोगों से उलझ जाते है और कहते है कि काम ठीक हो रहा है जिसको जहां शिकायत करना हो कर दे मेरा कोई कुछ नहीं करता । पूरी की पूरी सात किलोमीटर की इस सड़क पर गिट्टियां उधरी हैं जिससे राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता । इसी मार्ग से रोज सैकड़ो गांव के लोग बारा तहसील,जसरा ब्लॉक व शहर के लिए अपने अपने काम पर आते जाते हैं। अधिकांश लोग आए दिन सड़क पर गिरकर चुटहिल होते राहते हैं। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की जांच कराने की मांग करते हुए अच्छे तरह से निर्माण कराए जाने की मांग संबंधित अधिकारियों से की है।

## गांव में हुए कार्यों का बीडीओ ने किया स्थलीय निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

फूलपुर। ग्राम पंचायत में होने वाले कार्य गुणवत्तापूर्ण व मानक के अनुसार ही कराएं जाए साथ ही मनरेगा के मजदूरों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराया जाए। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उक्त बातें चक अब्दुल करीम उर्फ पूरेभुलई गांव में गुरुवार को मनरेगा व राज्य वित्त योजनान्तर्गत हुए कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए खण्ड विकास अधिकारी कविता तिवारी ने कही। उन्होंने गांव में बन रहे इंटरलाकिंग, तालाब,कैटल शेड का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। गांव में प्रधानमंत्री आवास का एक भी लाभार्थी न होने पर उन्होंने नाराजगी जताई और सर्वे कर पात्र लाभार्थियों का चयन करने का निर्देश सचिव को दिया। मौके पर मनरेगा एकाउंटेंट राकेश कुमार, तकनीकी सहायक नन्द गोपाल,रोजगार सेवक विजय चंद्र विश्वकर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे।


गांव में हो रहे इंटरलाकिंग कार्य का निरीक्षण करतीं बीडीओ कविता तिवारी

# पीएसी की 42वीं वाहिनी द्वारा शुआट्स के फोरेन्सिग विभाग में अग्नेयास्त्रों प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) के फॉरेंसिक विभाग में आग्नेयास्त्रों का प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण दिया गया जिसमें पीएसी 42वीं वाहिनी के आर्मरर एवं एचसीपी श्री अरविन्द कुमार ने एमएससी एवं बीएससी के छात्रों को आग्नेयास्त्रों को प्रदर्शित कर प्रशिक्षण दिया गया। फोरेन्सिक साइंस पाठ्यक्रम अन्तर्गत अग्नेयास्त्रों की बारीकियों एवं उनके कार्यकुशलता के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया जाता हैं इस दौरान एके-47, इनसास राईफल, एलएमजी, 12 बोर पंप एक्शन राईफल, नौ एमएम पिस्टल, रिवॉल्वर, का प्रदर्शन कर एवं विभिन्न भागों को खोलकर इनके कार्यप्रणाली को विस्तार से समझाया गया। भारतीय वैज्ञानिकों तथा रसियन वैज्ञानिकों द्वारा विकसित की गई इनसास राइफल एवं एके 47 राइफल की उपयोगिता तथा इसके कार्यकुशलता को विस्तार से बताया गया। दोनों राइफल लंबी दूरी की मारक क्षमता रखते हैं और अपने निशाने पे सटीक वार करते हैं। इसकी फॉरेंसिक उपयोगिता को बताते हुए विभाग के प्राध्यापकों ने चैंबर मार्क, ब्रीचफेस मार्क, इजेक्टर और एक्सट्रेक्टर मार्क के बारे में बताया। इस तरह के कार्यशालाओं से छात्रों को घटना स्थलों के अन्वेषण में मदद मिलती है। इस दैरान विभागाध्यक्ष डॉ पूनम प्रकाश, डॉ लव केशरवानी, डॉ मुनीश मिश्रा, डॉ वैभव शरण एवं विभाग के शोधात्री छात्र और प्रयोगशाला सहायक अजय और राजेंद्र कुमार उपस्थित थे।


शुआट्स में आग्नेयास्त्रों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

## ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**प्रयागराज।** टीचर एजूकेशन विभाग, शुआट्स ने महिलाओं के जीवन पर स्तन कैंसर के प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्तन कैंसर जागरूकता पर एक व्याख्यान का आयोजन किया। मुख्य वक्ता डॉ गुरप्रीत बत्रा, स्त्री और प्रसूति रोग विशेषज्ञ ने कहा कि कुछ नियमों का पालन करके स्तन कैंसर की रोकथाम पर जोर दिया जैसे कि आत्म परीक्षण से जल्द पता लगाना, स्वस्थ खाने की आदतें डालना और शारीरिक व्यायाम करना। जागरूकता और समय पर निदान से हमें स्तन कैंसर को रोकने में मदद मिल सकती है। डॉक्टर ने यह भी कहा कि प्रत्येक छात्र को स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता और रोकथाम के लिए कम से कम 5 अन्य महिलाओं को शिक्षित करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। कार्यक्रम में डीन प्रो डॉ. मैरियन मैथ्यू, एचओडी प्रोफेसर डॉ. सामला एस मसीह, संकाय सदस्य और छात्र उपस्थित थे।

# प्रधान संगठन ने लखनऊ में धरना प्रदर्शन कर सरकार को अपनी ताकत का अहसास कराया

**अपनी मांगो को लेकर करछना प्रधान संघ लखनऊ प्रदर्शन में शामिल हुआ**

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** अखिल भारती प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर गुरुवर को उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के विकास खंडो से निर्वाचित प्रधानो नें बारह सूत्रीय मांगो को लेकर लखनऊ के आजाद मैदान में धरना प्रदर्शन किया, और अपनी मांग को सरकार तक जोर दार प्रदर्शन कर ताकत का सरकार को अहसास कराया ,प्रधानो की मांग है कि सरकार उनके अधिकारों पूरा करने में सौतेला व्यवहार कर रही हैं, प्रधानो ने अपनें मांग पत्र में कई बिन्दुओं पर दशार्या कि त्रिस्तरीय पंचायत अधिनियम में सरकार प्रधानो के कई अधिकारों पर मनमानी कर रही हैं। जिसको लेकर इसके पूर्व अपने-अपने जिला मुख्यालय पर प्रधानो ने एक दिवसीय प्रदर्शन कर अपनी ताकत का अहसास करा चुके हैं। मांग पत्र में प्रधानो ने मानदेय बढोतरी से लेकर कई अहम बातें सरकार के सामने रक्खा है। इसी क्रम में प्रधान संघ करछना विकास खंड के नेतृत्व में प्रधानो का दल धरना प्रदर्शन में शामिल हुआ जिसमें संघ के अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एडवोकेट, महा मंत्री धीतेश तिवारी, सुरेश पाण्डेय प्रधान पुरैनी, सहित हंस राज सिंह, चंद्र प्रकाश तिवारी, परमानंद मौर्य, बजरंगी, दूधनाथ प्रतिनिधि डीहा, बड़ेलाल, कमला कांत शुक्ला, धर्मराज पटेल, अमर नाथ द्विवेदी, शिव गणेश पटेल, एवं देवरी, महेवा, बस्तर, मुंगारी घटवा, सोनाई, व करछना के समस्त प्रधान शामिल रहे।


लखनऊ धरना प्रदर्शन में शामिल प्रधान संघ

# परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है : स्वामी सुदर्शनाचार्य जी महराज


धनूपुर में चण्डी महायज्ञ एवं भागवत कथा सुनाते व्यास

**अखंड भारत संदेश**

**धनूपुर।** श्री रामानुजाचार्य हरिप्रपन्नाचार्य जी महाराज द्वारा राजराजेश्वरी महाशक्ति पीठ चक्रसुदर्शनपुरी धनूपुर प्रयागराज के प्रांगण में आयोजित 19 वां सहस्त्र चण्डी महायज्ञ एवं भागवत कथा में कथा व्यास स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज ने कहा कि धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं।पृथ्वी ने गाय का रूप धारण कर-के श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। गोपबालकों ने जाकर यशोदामाता से शिकायत कर दीझ्ह्लमां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदामाता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। ह्यअच्छा खोल मुख ह्ल माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदाजी ने देखा कि मुख में चर-अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है। आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि, चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्णज्योतिर्मण्डल, जल, तेज अर्थात प्रकृति, महतत्त्व, अहंकार, देवगण, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल, कर्म, प्रारब्ध आदि तत्त्व भी मूर्त दीखने लगे। पूरा त्रिभुवन है, उसमें जम्बूद्वीप है, उसमें भारतवर्ष है, और उसमें यहब्रज, ब्रज में नन्दबाबा का घर, घर में भी यशोदा और वह भी श्री कृष्ण का हाथ पकड़े।इस अवसर पर आचार्य अशोक कुमार शुक्ल, आचार्य आद्या प्रसाद तिवारी, उपाचार्य मदन गोपाल मिश्रा, आचार्य अंबुज द्विवेदी, ईश्वरचंद्र शुक्ल, आशाराम शुक्ल, मानस भास्कर अनुज महाराज, जवाहरलाल गौड़, चंद्रकांत पांडेय, शेखर तिवारी, सुनील तिवारी, धर्मेंद्र पांडेय, वेद तिवारी शास्त्री, विवेक शुक्ल, अभिषेक शुक्ल, हर्षहर्षवर्धन शुक्ल, उत्कर्ष शुक्ल, लोलारक मिश्रा, दीपक शुक्ल, नीरज शुक्ल एवं दर्जनों प्रकांड विद्वानों द्वारा सहस्त्र चण्डी महायज्ञ का मंत्रोच्चारण किया जा रहा है।

## भस्मा गांव का दशहरा धूमधाम के साथ संपन्न

**करछना।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत भस्मा में चल रहे दस दिवसीय आदर्श रामलीला में बुधवार को दशहरा मेला का बड़े धूमधाम व आकर्षक मनमोहक राम, सीता, हनुमान की चौकियों से दशहरे की शोभा बढ़ता , इस बीच रावण जैसे अत्याचारी राक्षस का दहन कर भगवान श्री राम जन्म अयोध्या को वापस हुए जिस मौके पर ग्राम प्रधान अशोक कुमार उर्फ (लल्ला बाबू ) ने सभी कलाकारों को और समाजसेवी पवन कुमार यादव को पुरस्कार द्वारा सम्मानित किए वहीं व्यास गद्दी पर बैठे राम आंचल पटेल ने सभी पात्रों को एक विचार और एकता में रहने का उपदेश दिए और रामलीला के प्रबंधक रामदास पटेल ने सभी पात्रों का आभार व्यक्त किए जिसमें डॉ विजय ने बड़ी खुशी जताई दशहरा में तरह-तरह की दुकानों ने मेला की शोभा बढ़ाई जिस मौके पर ग्राम प्रधान अशोक कुमार एवं समाजसेवी पवन कुमार यादव,इंद्रजीत पटेल अधिवक्ता ,निरिया ग्राम प्रतिनिधि मुकेश कुमार ,विनोद, शशिकांत, बबोल ,अगमलाल, रामाश्रय, डॉ आशीष, नंदलाल पटेल, रामू हलवाई आदि लोग मौजूद रहे।



दशहरा उपरांत कलाकारों को कमेटी द्वारा पुरस्कृत किया गया

## चनेथू की रामलीला में बाली वध के साथ लगे श्रीराम के जयकारे

**जंघई।** आदर्श नवयुवक रामलीला समिति चनेथू डीह के तत्वावधान में चल रही रामलीला में बुधवार को हनुमान सुग्रीव मिलन के साथ बाली वध का मंचन किया गया। मंचन में सीता की खोज में श्रीराम लक्ष्मण सहित वनों में घूमते हुए ऋषिमुख पर्वत पहुंचे जहां सुग्रीव से उनकी हनुमान जी के माध्यम से मित्रता हुई। मित्रता के दौरान सुग्रीव की परेशानी जान और बाली द्वारा प्रताड़ित करने की जानकारी लगने पर श्रीराम ने सुग्रीव को मदद का वचन दिया। इसके बाद श्रीराम ने बाली का वध कर सुग्रीव को राजा बनाया। बाली वध के साथ ही मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। इस दौरान सीता की खोज में जंगलों में गई वानर सेना में शामिल हनुमान को समुद्र पार लंका में सीता जी की जानकारी लगी। इस अवसर पर लल्लन प्रसाद पांडेय, रंगनाथ उपाध्याय, माता दीन उपाध्याय, अरूण पांडेय, सूर्यमणि मिश्रा, मंगला उपाध्याय, रमेश तिवारी, कल्लू पांडेय पात्रों में अनिल पांडेय, अवधेश तिवारी, निखिल पांडेय, जितेंद्र उपाध्याय, शिवम मिश्रा, राजा तिवारी, विपिन मिश्रा, नागेश्वर मिश्रा, अनिल पांडेय, रवि उपाध्याय, पप्पू उपाध्याय, राकी पांडेय, मनीष तिवारी, मनीष तिवारी, सुनील उपाध्याय, अंकुश मिश्रा, छोटू उपाध्याय, कपिल उपाध्याय, आनंद उपाध्याय, दीपक उपाध्याय, उदयराज उपाध्याय, लवकुश उपाध्याय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


चनेथू की रामलीला का मंचन करते रामलीला पात्र

## खबर संक्षेप

### बनी आपसी सहमति रजिस्ट्री व टीवी आफिस खुला

**कोरांव।** तहसील मे 18 अक्टूबर से अधिवक्ताओ की चल रही हड़ताल और तालाबंदी के क्रम मे आपसी सहमति के बाद गुरुवार को रजिस्ट्री टीवी ऑफिस खुलवा दिया गया। बता दें कि पिछले दस दिन से एसडीएम तहसीलदार के स्थान्तरण की माँग पर अडिग अधिवक्ताओ ने गुरुवार को आपसी सहमति बनाते हुए रजिस्ट्री ऑफिस खुलवा दिया और कहा कि जल्द ही दो विभागो निर्वाचन और खतौनी को भी खोल दिया जाएगा । हांलाकि बार अध्यक्ष ने पहले ही तीनो ऑफिस खोलने का पत्रक जारी कर चुके थे साथ ही अधिवक्ताओ ने कहा शेष विभाग मे तालाबंदी और हड़ताल जारी रहेगी । मुख्य रूप से बार एशोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, निर्वाचन अधिकारी बाल गोबिन्द पाण्डेय, अरुण मिश्रा, रोहणी तिवारी, ललन तिवारी, शिव कुमार प्रजापति, श्याम सुन्दर तिवारी, उमाकान्त तिवारी, राजू दुबे, सुनील पाण्डेय, कौशलेश तिवारी, अशोक कुशवाहा, रवि प्रकाश तिवारी, शशिकांत पाण्डेय, रजनीश मिश्रा, यादवेंद्र यादव, भास्कर यादव,संतोष कुशवाहा, आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर के पैर में लगी गोली, 19 से ज्यादा मुकदमे है दर्ज

### वृद्धा के अपहरण व हत्या का मुख्य आरोपी है रवि जायसवाल



गोली लगने के बाद घायल हिस्ट्रीशीटर अस्पताल में भर्ती

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज की एसओजी टीम, कर्नलगंज पुलिस और एक हिस्ट्रीशीटर के बीच गुरुवार की भोर मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगी है। उसे पुलिस ने एसआरएन में भर्ती करा दिया है। उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। हिस्ट्रीशीटर एक वृद्धा के अपहरण व हत्या में वांछित चल रहा था।

### अलग-अलग थानों में 19 मुकदमें हैं दर्ज

रवि जायसवाल उर्फ रिंकू कचौड़ी पर अलग-अलग थानों में 19 से ज्यादा मुकदमे कायम है। उल्लेखनीय है कि रवि पर अकेले कर्नलगंज थाना क्षेत्र में ही इसके खिलाफ 17 मुकदमे दायर हैं। अन्य थाना क्षेत्रों में भी इसके खिलाफ कई और मुकदमे दायर है। इससे पहले वर्ष 2007 में भी इसके द्वारा झूसी थाना क्षेत्र में हत्या एवं हत्या के प्रयास का मुकदमा कायम थे।

### अस्पताल में चल रहा इलाज

मुखबिर सूचना के आधार पर कर्नलगंज थाना क्षेत्र के लल्ला चुंगी के पास पकड़ने पहुंची स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के सदस्यों द्वारा रोके जाने पर रवि जायसवाल ने फायरिंग कर दी, जिसमें बचाव में एसओजी टीम के सदस्यों ने भी फायरिंग की। जिसमें 1 गोली रवि जायसवाल के पैर में लगी आनन-फानन में रवि जायसवाल को स्वरूपरानी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### हिस्ट्रीशीटर ने चलायी थी गोली

क्षेत्राधिकारी नगर चतुर्थ अजीत सिंह चौहान ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस एवं स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के सदस्यों द्वारा लगातार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जिसके चलते कोतवाली थाना कर्नलगंज के थानाध्यक्ष मय हमराही चेकिंग में थे और एसओजी प्रभारी महावीर सिंह अपने दल के साथ पहुंचे। मुखबिर की सूचना के आधार उसे ललकारने पर जवाबी कार्रवाई करने पर रवि जायसवाल उर्फ रिंकू कचौड़ी घायल हो गया।उत्तर प्रदेश की संगम नगरी प्रयागराज में गहनों और रुपए के लालच में बुजुर्ग महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया था। कटरा के मछली बाजार निवासी बुजुर्ग महिला की उसके रिश्तेदार ने ही सोरांव थाना क्षेत्र के हादीगांव ले जाकर उसकी हत्या कर दी थी। शव को घर में ही दफन कर दिया था। बुजुर्ग महिला के बेटे की ओर से दर्ज कराई गई गुमशुदगी की तफ्तीश में हत्या का खुलासा हुआ था। इस मामले में पुलिस ने हत्यारोपी रिश्ते के भतीजे धीरज गुप्ता और उसके एक अन्य साथी सिद्धू को गिरफ्तार कर लिया था। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने बुजुर्ग महिला का शव भी पुलिस ने बरामद कर लिया था। वहीं इस घटना का मुख्य आरोपी रवि जायसवाल उर्फ रिंकू कचोड़ी था। जिसकी पुलिस को पिछले दो महीने से तलाश थी।जवाबी कार्रवाई में पुलिस की ओर से चलायी गई गोली वांछित हत्यारोपी के पैर पर जा लगी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की ओर से चलायी गई गोली वांछित हत्यारोपी के पैर पर जा लगी।

## आलोक कुमार मिश्रा एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कुलपति के बीच औपचारिक मुलाकात



**प्रयागराज।** भारतीय विश्वविद्यालय संघ (नई दिल्ली) के जॉइन्ट सेक्रेट्री डॉ आलोक कुमार मिश्रा जी के प्रयागराज आगमन पर इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय के प्रांगण में विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव से औपचारिक मुलाकात हुई। दोनो लोगों के मध्य शिक्षा सुधार संबंधी विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई । जिनमे मुख्यतया, युथ पार्लियामेंट विश्वविद्यालय में कराया जाने, नई शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षा सुधार, कौशल विकास शिक्षण शास्त्र की आवश्यकता, ठक्भ्रूरैंकिंग को कैसे बढ़ाया जाए, परिवर्तनात्मक समावेषी अनुसंधान जो कि वर्तमान आवश्यकताओं को पूर्ण करे उसकी शुरूआत कैसे हो , और साथ साथ शिक्षण व्यवस्था ऐसी हो जो राष्ट्रहित में बनने वाले रणनीति को पोषित करे , आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। कुलपति ने डॉ मिश्रा को मोमेन्टो और अकादमिक कैलेंडर से सम्मानित किया । साथ ही माननीय कुलपति ने विश्वविद्यालय में शैक्षणिक माहौल को और उच्च करने, विश्वविद्यालय में हो रहे विकास के कार्य, साइंस फकेलिटी को और विकसित करने के बारे में विस्तार से चर्चा की तथा आने वाले समय मे विश्वविद्यालय और ऊचाइयों पर जाएगा ऐसा विष्वास जाहिर किया।







प्रयागराज जिलापरियोजनाधिकारी ऐषा सिंह छात्रों को गंगा उत्सव के अन्तर्गत गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड के गतिविधि की साझा करती जानकारी।

# गंगा उत्सव : गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में प्रतिभाग करने हेतु किया प्रोत्साहित

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर इस वर्ष राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मन्त्रालय, गंगा उत्सव 2021 को नदी उत्सव के रूप में आगामी( 1-3 नवंबर ) देश भर में गंगा और उसकी सहायक नदियों पर आयोजन कर रहा है।

इसी क्रम में नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज की जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे एषा सिंह ने आज प्रयागराज के कोचिंग संस्थानो में छात्रों के मध्य जाकर गंगा उत्सव के अंतर्गत इस गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड गतिविधि की जानकारी साझा की जिसमें उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया में सबसे पहले कागज पर नदी गंगा पर कविता, निबंध, स्लोगन इत्यादि अपनी हैंडराइटिंग में लिखना है, उसके बाद कागज को अपने हाथ में लेकर उसकी एक तस्वीर लेनी है और दी हुई लिंक जो निर्देशित समय पर कुछ समय के लिए एक्टिवेट होगी उस पर जाकर फेसबुक आईडी के माध्यम से अपलोड करना है यह गतिविधि 1 नवंबर को करनी है और साथ ही सभी से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर एक नए कीर्तिमान स्थापित करने में योगदान देने हेतु अग्राह किया । साथ ये बताया राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने हर जनमानस को इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए एक वेबसाइट का गठन किया है। सभी लिंक पर जाकर इस वेबसाइट पर गंगा उत्सव के दौरान होने वाली गतिविधियों की जानकारी ले सकते हैं और इस कार्यक्रम को अपने घरों में बैठकर इसका आनंद ले सकते हैं।कार्यक्रम आयोजन में नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज के पूर्व स्वयंसेवक चंद्रकांत एवं एक्सीड कोचिंग के संस्थापक का खास योगदान रहा।

# भाजपा को फिर से लाने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे : महंत रवींद्र पुरी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** साधु-संत आने वाले समय में जिन राज्यों में भी विधान सभा चुनाव होंगे, वहां भाजपा को जिताने के लिए साधु-संत कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसलिए कि भाजपा राम की पार्टी है और हम सबके आराध्य भगवान राम हैं। ऐसे में धर्म-संस्कृति के उत्थान और राष्ट्र की रक्षा के लिए मोदी, योगी को फिर लाने के लिए जी तोड़ कोशिश करेंगे। जूना अखाड़ा और निरंजनी अखाड़ा के पास लाखों की तादात में साधु-संन्यासी हैं। ये दोनों अखाड़े सबसे बड़ी ताकत के रूप में इस समय एकजुट हो गए हैं। इसलिए कुछ लोगों को यह रास नहीं आ रहा है और वह फूट डालने की कोशिश कर रहे हैं। यह बातें गुरुवार को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने कही। हरिद्वार रवाना होने से पहले अमर उजाला से बातचीत में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने परिषद के सियासी एजेंडे पर खुलकर चर्चा की। परिषद की अगली कार्ययोजना के बारे में पूछे जाने पर उनका कहना था कि इस समय जूना और निरंजनी अखाड़ा सबसे बड़ी ताकत के रूप में एक साथ हो गए हैं, इसलिए यह लोगों को अच्छा नहीं लग रहा है। साधु-संत धर्म-संस्कृति के प्रचार और रक्षा के लिए काम करते हैं। संतों का कोई सियासी एजेंडा नहीं होता। लेकिन, प्रभु राम की जन्मभूमि अयोध्या के बाद मथुरा और काशी की मुक्ति का हमारा एजेंडा प्राथमिकता में है। इससे पहले भी काशी-मथुरा की मुक्ति के मुद्दे पर अखाड़ा परिषद प्रस्ताव ला चुकी है। महंत रवींद्र पुरी का साफ कहना था कि साधु-संतों के काशी-मथुरा के एजेंडे को भाजपा के अलावा कोई दल सफल नहीं बना सकता। हर कोई जानता है कि भाजपा राम की पार्टी है। इसीलिए साधु-संत भाजपा के साथ हैं और रहेंगे। आगामी विधान सभा चुनावों में अखाड़ा परिषद की भूमिका को लेकर किए गए सवाल पर उनका कहना था कि उनका सियासत से कोई सीधा संबंध नहीं है। लेकिन, आने वाले चुनावों में नरेंद्र मोदी को केंद्र और योगी आदित्यनाथ को प्रदेश में लाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आने वाले विधान सभा चुनावों में संत मथुरा काशी के मुद्दे पर भाजपा को ही जिताएंगे। उन्होंने कहा कि सिर्फ भाजपा के राज में ही संत-महात्मा खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं।इसलिए भी इस पार्टी को लाना होगा। अखाड़ा परिषद की अगली बैठक कब और कहां होगी, इस पर उन्होंने टिप्पणी से इंकार कर दिया। उनका कहना था कि हम सभी तेरह अखाड़ों को फिर से एकजुट करने का प्रयास कर रहे हैं। सभी अखाड़ों के प्रतिनिधियों से लगातार बात हो रही है। जल्द ही आपसी मतभेदों को दूर कर सबको एक साथ लाने की पहल की जाएगी।

# रामलीला का मंचन एक आयोजन नहीं बल्कि हमारे संस्कार और धर्म का प्रतीक है

आर के शर्मा

**घूरपुर।** संस्कार और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर वर्ष रामलीला का आयोजन भव्य तरीके से किया जाता है। लोग अपनी भागदौड़ भरी च्जदगी से निकलकर इसमें शामिल होकर अंतरात्मा को सुकून देने का प्रयास करते हैं। रामलीला का मंचन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह हमारे संस्कार और धर्म का प्रतीक है जो एक अवसर के रूप में लोगों से जुड़ने का माध्यम बनता है। इसकी मोहकता लोगों को आकर्षित करती है। रामलीला के मंच पर जब किरदार अपने संवाद पढ़ते हैं तो ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे वक्त वहीं ठहर गया है। हजारों वर्ष पूर्व भगवान के इस अवतार को अपनी आंखों में सजाने का प्रयास करते हैं। भले ही रामलीला में तकनीक के विस्तार से इसकी भव्यता बढ़ गई हो, लेकर इसके मूल में मौजूद समाज को संदेश, असत्य पर सत्य की विजय हर काल व दौर में एक समान रहती है।

### दिनचर्या की थकान और सामाजिक मेलजोल मे भी मददगार है रामलीला, गांवो में कलाकार भी पैदा करता है रामलीला

### दिनचर्या की थकान और सामाजिक मेलजोल मे भी मददगार है रामलीला

खेती पशुपालन और बागवानी की दिनचर्या की थकान से चूर ग्रामीण रात्रि को राम लीला मंचन देख जहां अपनी थकान दूर कर रहे हैं तो वहीं सामाजिक मेलजोल भी बढ़ा रहे है। आसपास के कई गांवो के लोग राम लीला मंचन हो रहे गांव में रामलीला देखने पहुंचते है। जो व्यस्तता की वजह से आपस में मिले लोगों को कई माह बीत जाते है। ऐसे में राम लीला मंचन देखने के दौरान एक दूसरे से मुलाकात होती है और एक दूसरे का सुख दुख हाल भी पूछा जाता है। खेतीबाड़ी के नए तरीकों को आपस में साझा किया जाता है। जिससे लोगो की मेलजोल और नजदीकियां भी बढ़ती है।

### बदलते वक्त के साथ राम लीला में भी आया है बदलाव

बदलते वक्त के साथ रामलीला में काफी बदलाव आया है। पुरानी रामलीला में चौपाइयों को पढ़ा जाता था। अभिनय के दौरान इसका अनुवाद कर दर्शकों को समझाया जाता था।लेकिन बदलते वक्त और तकनीक के प्रभाव के कारण अब इनका प्रयोग कम होने लगा है। उस दौर में लोग रामलीला की चौपाइयों का दोहराते हुए उसका अनुसरण करने का प्रयास करते थे। पहले रामलीला की भव्यता से अधिक उसकी शुद्धता पर ध्यान दिया जाता है। आधुनिकता की इस दौर में कई गांवो में अर्से से हो रहे राम लीला को बंद भी कर दिया गया है। वहीं कुछ बाजारों मे रामानंद सागर कृत द्वारा रामायण सीरियल को प्रोजेक्टर के माध्यम से पर्दे पर राम लीला का मंचन दिखाया जाता है। वर्तमान में घूरपुर और गौहनिया मे प्रोजेक्टर के माध्यम से राम लीला मंचन दिखाया जाता है।

### गांवो में कलाकार भी पैदा करता है रामलीला

अधिकतर गांवो में राम लीला के मंचन के पात्र गांव के ही युवा किरदार निभाते है। राम, लक्ष्मण, सीता, मेघनाद, कुंभकर्ण, रावण आदि पात्रों का अभिनय गांव के ही युवा किरदार निभाते हैं। सिर्फ.मनोरंजन के लिए नृत्य कलाकार बाहर से मगाए जाते है। ढोल, हारमोनियम आदि के भी कलाकार गांव के ही होते हैं।

### दीपावली के बाद तक चलेगा राम लीला

ग्रामीण इलाके में दशहरे के पूर्व से इक्का दुक्का गांवो मे शुरू होकर दशहरे के दिन दशहरे का आयोजन किया जाता है। शेष अधिकतर गांवो मे कार्तिक मास से लेकर दीपावली के बाद तक अलग अलग तिथियों से राम लीला मंचन का शुरुवात किया जाता है। और अलग अलग गांवो में अलग अलग तिथियों पर दशहरे का आयोजन किया जाता है।

### विवाहिता पुत्री को अनुकंपा नियुक्ति देने का निर्देश, सीएमओ मेरठ का आदेश रद्द

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी मेरठ को बेसिक स्वास्थ्य कर्मी की विवाहित पुत्री को मृतक आश्रित कोटे में नियुक्ति देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि विमला श्रीवास्तव केस में कोर्ट ने विवाहिता पुत्री को भी परिवार में शामिल कर लिया है। कोर्ट ने सीएमओ के नियुक्ति से इंकार करने के आदेश को रद्द कर दिया है और तीन माह में नए सिरे से आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव ने फिनिफ लोधी की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है।याची की मां सुधा भंडारी मेरठ के भुदब्रल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के उप केन्द्र गोला बुधा में महिला स्वास्थ्य कर्मी थीं। सेवाकाल में उसकी मृत्यु हो गई तो पुत्री ने आश्रित कोटे में नियुक्ति की अर्जी दी। जिसे सीएमओ ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि विवाहिता पुत्री मृतक सरकारी कर्मी के परिवार में शामिल नहीं है। जिसे चुनौती दी गई थी।

# दीपावली मेले के लिए राजा कोठी परिसर तैयार

अखंड भारत संदेश

### जनपद के सभी नगर पंचायतों में दीपावली मेले का आयोजन कराने का जारी हुआ है शासनादेश, ईओ ने मेले की तैयारियों का जायजा



तैयारियों का मौके पर जाकर ईओ ने किया स्थलीय निरीक्षाण

**शंकरगढ़।** छोटे व पटरी दुकानदारों को दीपावली के मौके पर प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की नीयत से दीपावली मेले का आयोजन किया जा रहा है। जनपद के सभी नगर पंचायतों में दीपावली मेले का आयोजन कराने का शासनादेश जारी हुआ है।

इसी क्रम में बुधवार को नगर पंचायत शंकरगढ़ के ईओ सत्येंद्र प्रकाश ने मेला स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। नगर पंचायत शंकरगढ़ में दीपावली मेला वार्ड संख्या नौ, राजा कोठी परिसर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के पटरी दुकानदारों को दुकान लगाने की सुविधा प्रदान की जा रही है। मेले की तैयारियों को देखने के लिए बुधवार को ईओ सत्येंद्रप्रकाश, लिपिक प्रदीप कुमार, अमित कुमार, मनीष केसरवानी, अमरेंद्र प्रताप सिंह आदि ने राजा कोठी परिसर में तैयारी का जायजा लिया। ईओ ने बताया कि इस मेले के जरिए पटरी दुकानदारों के अलावा डूडा द्वारा गठित व स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों प्लेटफार्म उपलब्ध कराना है।

# पहली बार 20 एसी इकोनॉमी कोच के साथ चलेगी गति शक्ति एक्सप्रेस

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** दिवाली और छठ के मौके पर ट्रेनों में लंबी प्रतीक्षा सूची को देखते हुए रेलवे पहली बार ऐसी स्पेशल ट्रेन चलाने जा रहा है जिसमें सभी कोच एसी इकोनॉमी श्रेणी के रहेंगे। आनंद विहार से पटना के बीच वाया प्रयागराज जंक्शन और प्रयागराज रामबाग के रास्ते ह्यगति शक्ति विशेषह्ल ट्रेन का संचालन 29 अक्तूबर से शुरू होगा। यह ट्रेन सात नवंबर तक कुल पांच फेरे लगाएगी।

वर्तमान समय प्रयागराज-जयपुर, प्रयागराज-उधमपुर एक्सप्रेस में ही दो-दो एसी इकोनॉमी कोच लगे हैं। लेकिन गति शक्ति विशेष एक्सप्रेस में सभी 20 कोच एसी इकोनॉमी श्रेणी के ही रहेंगे। आनंद विहार से 29, 31 अक्तूबर, 2, 5 और 7 नवंबर की रात 11.10 बजे चलकर 01684 गति शक्ति एक्सप्रेस सुबह 9.05-9.10 बजे प्रयागराज जंक्शन एवं दिन में 3.45 बजे पटना पहुंच जाएगी।वापसी में पटना से गाड़ी संख्या 01683 का संचालन 30 अक्तूबर, 1, 3, 6 और 8 नवंबर की शाम 5.45 बजे होगा, जो रात 12.05-12.10 बजे प्रयागराज जंक्शन और सुबह 9.50 बजे आनंद विहार पहुंच जाएगी। सीपीआरओ डॉ. शिवम शर्मा ने बताया कि यह पहला मौका है कि जब किसी ट्रेन में सभी कोच एसी इकोनॉमी श्रेणी के लग रहे हैं।

दिवाली और छठ की भीड़ के लिए रेलवे चलाएगा स्पेशल ट्रेनें दिवाली और छठ के मौके पर यात्रियों की आवाजाही के लिए रेलवे द्वारा कुछ और स्पेशल ट्रेनों को चलाए जाने का एलान किया गया है। इसमें पुणे-बनारस, लोकमान्य तिलक-समस्तीपुर, छत्रपति शिवाजी टर्मिनल-भागलपुर, नई दिल्ली-बरौनी प्रमुख रूप से शामिल है। संबंधित ट्रेनों की समय सारिणी गुरुवार को जारी कर दी गई।

# अवैध खनिज : परिवहन वाहनों को पास कराने का चल रहा खेल !

## पुलिस व पासरों से सांठ-गांठ, रात को क्षेत्र के हाईवे पर लगता है जमावड़ा

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** ओवरलोड व बगैर प्रपत्र के खनिज परिवहन पर अंकुश लगाने का शासन चाहे जितना जोर लगा ले,लेकिन काली कमाई की मोटी रकम मिलने के चलते स्थानीय पुलिस पासरों से सांठ गाठं कर ऐसे वाहनों को पास कराने से बाज नहीं आ रहे हैं। कुछ ऐसा ही नजारा इन दिनों घूरपुर क्षेत्र में देखा जा रहा है।

ऐसे वाहनों को पास कराने का इन दिनों घूरपुर थाना क्षेत्र में स्थानीय पुलिस और पासरों की मिली भगत से व्यापक पैमाने पर खेला किया जा रहा है। इस खेल को छिपाने के लिए और अपने अधिकारियों को गुमराह करने के लिए कार्रवाई के नाम पर यदाकदा दो तीन वाहनों को पकड़ सीज कर अपनी पीठ थपथपाने का कार्य जरूर किया जाता है। यदि इस खेल को देखना हो तो शाम आठ बजे से शुरू होकर भोर तक घूरपुर इलाके के हाईवे पर आकर देख सकते हैं कि



तैयारियों का मौके पर जाकर ईओ ने किया स्थलीय निरीक्षाण

पुलिस और थाना के सामने से शाम आठ बजे से भोर तक सैकड़ों ट्रक ओवरलोड खनिज परिवहन कर फर्राटे भरते कैसे बेरोक टोक आगे बढ़ते हैं और पासरों का जमावड़ा लगा रहता है। इस बीच कई स्थानों पर पुलिस और पुलिस द्वारा प्राईवेट में रखें गए युवकों से ऐसे वाहनों से सुविधा शुल्क भी वसूलते देखे जा सकते हैं।

### 1-सुविधा शुल्क से बचने के लिए काल बनकर भगाते हैं वाहन

पिकेट पर तैनात पुलिस से सुविधा शुल्क देने से बचने के लिए ट्रक चालक काल बनकर हाईवे पर ट्रक तेज गति से भागते हैं। जिससे आए दिन दुर्घटनाओ में लोगो की जानें जा रही है। लेकिन इन सबसे किसी का कोई सरोकार नहीं है।

### 2- पासरों से वसूला जाता है माहवारी सुविधा शुल्क

घूरपुर क्षेत्र में तीन दर्जन से अधिक पासरों की संख्या है जो ओवर लोड व बगैर प्रपत्र के खनिज परिवहन गिट्टी, बालू, मोरंग, सिलिकासैंड के वाहनों को प्रति वाहन के हिसाब से एक निश्चित धनराशि पुलिस को माहवारी पहुंचाते हैं। इसके अलावा भी हाईवे पर पिकेट पर तैनात पुलिस कर्मी दो सौ से पांच सौ रुपए प्रति वाहन अलग से वसूलते हैं। हालाकि हाईवे के पिकेट पर तैनात पुलिस कर्मी प्राईवेट में रखे गए दबंग युवकों के हाथों से ही वाहनों से रुपए वसूली करवाते हैं जिससे वह पकड़ में न आ सके। यदि सुविधा शुल्क दिए बगैर कोई वाहन भागा तो पुलिस कर्मी बेरहमी से पिटाई कर सुविधा शुल्क वसूलते है।

### 3-घूरपुर के पास आरटीओ टीम पर कर चुके हैं हमला

दो वर्ष पूर्व घूरपुर के दांदूपुर हाईवे पर जांच के दौरान घूरपुर के दर्जन भर पासर एआरटीओ टीम पर हमला कर पकड़े गए ट्रक को छुड़ा लिए थे। जिसमें आधा दर्जन पासरों के खिलाफ केस दर्ज. कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। बावजूद पुलिस के सह पर पासरों का संख्या घटने के बजाय दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। बढ़े भी क्यों न पुलिस के लिए यही पासर कमाई का जरिया जो बने हैं।

# नगर पालिका परिषद बेल्हा में दीपावली मेले का किया गया भव्य आयोजन

## विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के स्टाल लगाकर जन सामान्य को दी गयी जानकारी

### मेले में मनोरंजन के झूले सहित आयोजित हुये विभिन्न क्रिम, रेहड़ी, पटरी दुकानदारों ने लगायी दुकानें



अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शासन के निर्देश के क्रम में इस वर्ष दीपावली पर्व के अवसर पर जनपद के नगर पालिका परिषद बेल्हा, प्रतापगढ़ द्वारा स्थानीय के0पी0 कालेज के मैदान में घरेलू उपयोग की विभिनन वस्तुओं का क्रय कर स्ट्रीट वेण्डर/पथ विक्रेताओं की आय में वृद्धि हेतु दीपावली मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले में विभिनन जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टाल, मनोरंजन के झूले, रेहणी, पटरी विक्रेताओं की दुकाने इत्यादि लगाये गये। दीपावली मेले का शुभारम्भ उपस्थिति अतिथिगणों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता, विधायक सदर राजकुमार पाल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह, पूर्व विधायक हरि प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मुदित सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। शुभारम्भ के पश्चात् उपस्थिति अतिथियों ने विभिनन विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन किया और जनसामान्य से कहा कि मेले में आकर शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। स्थानीय उत्पादों के व्यवसाय में संवर्धन के उद्देश्य से पालिका द्वारा एक अच्छी पहल की है। मेले में दिन-प्रतिदिन साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं परम्परागत लोक संगीत एवं लोकनृत्य के कार्यक्रमों के आयोजन के लिये एक विशाल मंच भी बनाया गया है, जहां साहित्यकार एवं कलाकार अपनी प्रतिभाओं का मंचन कर सकेगें। इस दौरान अधिशासी अधिकारी ने बताया कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की छोटी-छोटी इकाइन्यों के रूप में प्रत्येक जनपद में एवं नगर के स्थानीय एवं परम्परागत व्यवसाय को प्रोत्साहन मिले और उनसे जुड़े लोगों को आर्थिक स्वावलम्बन प्राप्त हो जिससे समाज के स्तर को उठाया जा सकता है। इसके साथ ही साथ सूचना विभाग द्वारा संचालित एल0ई0डी0 वीडियो वैन के माध्यम से प्रदेश सरकार के साढ़े चार वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों, नीतियों, निणर्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया और मेले में भारी संख्या में जनसामान्य पहुॅचकर विभिनन योजनाओं का लाभ उठाया।

# पीबीपीजी कालेज में हुई भाजपा की कार्यशाला

## सदस्यता अभियान पर दिया गया जोर




अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** गुरुवार को पी0बी0 पीजी कालेज मे भाजपा की कार्यशाला आयोजित की गयी। इस कार्यशाला की बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रभारी नागेंद्र सिंह रधुवंशी रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा व संचालन जिला महामंत्री सतीश चौरसिया ने किया।

कार्यशाला को संबोधन करते हुए मुख्य अतिथि श्री रधुवंशी ने बताया कि 29 अक्टूबर को भारत के गृहमंत्री मेरा परिवार भाजपा परिवार, अतिरिक्त सदस्यता अभियान की शुरूआत करेंगे। संगठन एक नवम्बर से नये वोटर लिस्ट का प्रकाशन हो रहा है। उस वोटर लिस्ट मे हर मतदान केन्द्र पर नये बूथ बन गए हैं तत्पश्चात जिला प्रभारी ने सभी कार्यकर्ताओं से आवाहन किया कि इन नये बने हुए सभी बूथों पर समिति का गठन करना तथा उन बूथों पर नये मतदाताओ को जोडना तथा नये पनन प्रमुख बनाना है। अध्यक्षता कर रहे श्री हरिओम ने कहा कि सभी मोर्ची कें अध्यक्ष लोंग सभी सातों विधानसभा के प्रभारी सभी मण्डल अध्यक्ष प्रधानमंत्री के कायी को अंजाम तक पहुचायें। इस मौके पर जिला महामंत्री राजेश सिंह, आशीष श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी राघवेंद्र शुक्ला, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रूची केसरवानी आदि लोग मौजूद रहे।

# कर्म पर ही निर्भर मनुष्य का सुख दुःखः आचार्य करुणा

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** मनुष्य को सुख दुःख उसके अपने कर्मानुसार ही प्राप्त होता है। उक्त बातें कुंडा के मनगढ़ क्षेत्र के गड़गड़ा गांव में पं मथुरा प्रसाद पांडेय यजमान एवं उनके परिवार के संयोजन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में गुरुवार को कथा वाचक आचार्य करूणा पति त्रिपाठी ने कही। आचार्य ने कहा कि मानव जीवन काल में अपने कर्म के अनुसार ही मान अपमान के साथ सुख दुःख का भागीदार होता है। बता दें कि एक नवंबर को विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी वीरेंद्र कुमार पांडे ने दी। इस अवसर पर यजमान पंडित मथुरा प्रसाद पांडे वीरेंद्र कुमार पांडे सत्येंद्र सिंह रामजी मिश्र गोविंद प्रसाद पांडे दीपू सिंह अंशुमान पांडे विमल तिवारी अखिलेश द्विवेदी राकेश तिवारी रमेश ओझा विद्याभूषण पांडे महेंद्र पांडे रमेश तिवारी अनिल मिश्र विनोद सिंह आदि मौजूद रहे।

# पुरानी रंजिश में महिला को आरोपियों ने पीटा, रिपोर्ट दर्ज

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर नेवादा गांव में आरोपियों ने एक महिला को जमकर मारा पीटा गाली गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सभी आरोपियों पर बलवा सहित विभिनन धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के नेवादा गांव की रहने वाली जमुना देवी ने बताया कि गांव के रमजान, साहबान, इश्तियाक, रगवान, रसीद जयंती, बबलू ने मिलकर उसे पुरानी रंजिश में गाली गलौज किया। विरोध करने पर उसे दौड़ा लिया वह घर में घुसी तो आरोपियों ने घर में घुसकर मारा पीटा। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सभी आरोपियों पर बलवा मारपीट गाली गलौज जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज कर लिया।

# तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना हथिगवां से उ0नि0 शेषनाथ सिंह यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 167/21 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 427 भादवि से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त जहीर अहमद पुत्र अनवार अहमद नि0 परेवा नरायनपुर थाना हथिगवां को थाना क्षेत्र के परेवा नरायनपुर से गिरफ्तार किया गया। उधर थाना रानीगंज से उ0नि0 हरिन्द्र यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 287/21 धारा 147, 148, 149, 504, 307, 323, 325, 452, 452, 427, 506 भादवि से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त सज्जन प्रसाद पुत्र लहुरीराम नि0 नरसिंहगढ़ थाना रानीगंज को थाना क्षेत्र के नरसिंहगढ़ से गिरफ्तार किया गया। उधर थाना कोतवाली नगर से उ0नि0 श्री राधेबाबू मय हमराह द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 762/20 धारा 419, 420, 409 भादवि से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त राकेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र पनन लाल नि0 441/2ए शास्त्री नगर सदियापुर थाना करेली जनपद प्रयागराज को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।



## जनपद में हो रहे निर्माण कार्यों को दिसम्बर माह तक हर हाल में पूर्ण हो : संजय गोयल

### विकास कार्यों, जन शिकायतों के निस्तारण की मण्डलायुक्त ने की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नोडल अधिकारी/मण्डलायुक्त प्रयागराज संजय गोयल की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार विकास भवन में विकास कार्यक्रमों, 50 लाख से अधिक महत्वपूर्ण परियोजनाओं, जन शिकायतों के निस्तारण एवं गुणवत्ता की स्थिति की समीक्षा, बाढ़ एवं अतिवृष्टि से प्रभावित राहत कायी की समीक्षा जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी इन्द्र भूषण वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ की गयी।

नोडल अधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से गो-आश्रय स्थलों की जानकारी ली तो बताया गया कि जनपद में 42 अस्थायी एवं 02 स्थायी एवं 08 कांजी हाउस है। पूर्व के ग्राम पंचायत खमपुर दूबेपट्टी के अन्तर्गत वृहद गो संरक्षण केन्द्र मेहदौरी के निरीक्षण में सोलर पम्प, सोलर पैनल गायब होने का प्रकरण सामने आया था तो निर्देशित किया गया था कि चौकीदार रात में निवास करें।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर गरजे शिक्षक और कर्मचारी

## जिला कचहरी में धरना देकर सौंपा ज्ञापन




अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर कर्मचारी शिक्षक अधिकारी पेंशन मंच द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरने का आयोजन रमाशंकर शुक्ला की अध्यक्षता में किया गया। धरने का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी के सदस्य और मंच के प्रवक्ता प्रभा शंकर पांडेय ने किया।

धरने में विचार व्यक्त करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष और मंच के अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ला ने कहा कि पेंशन हमारा अधिकार है और हम इसे लेकर रहेंगे। शिक्षकों कर्मचारियों और अधिकारियों के हित में हमने जो भी मांगे रखी हैं उन सभी मांगों को पाने के लिए हम कटिबद्ध हैं। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जाती हैं, यह संघर्ष मांग पूरी होने तक चलता रहेगा।

सरकार के द्वारा लगातार कर्मचारियों शिक्षकों और अधिकारियों के हितों का संरक्षण न करते हुए उनके विरुद्ध कार्य किया जा रहा है और उनकी मांगों को पूरा न करने के कारण हम सब आक्रोशित हैं। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश पांडे, माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, संयोजक विनोद कुमार चौरसिया, मंत्री केडी त्रिपाठी, मनोकानिका उपाध्याय, सुनील प्रभाकर, रामचंद्र सिंह, बालेंद्र शुक्ला, रामानंद मिश्रा, पंकज तिवारी, विजय मिश्रा, अजीत कुमार, प्रभाकर प्रताप सिंह, मनोज पांडे, राकेश सिंह, अनूप सिंह, पनन लाल यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# इंदिरा चौक पर प्रतिज्ञा यात्रा को लेकर हुई विशाल रैली

## सीडब्लूयूसी मेंबर ने भाजपा की असफलताओं पर बोला हमला




अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं यूपी आउटरीच एण्ड कोआर्डिनेशन कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने ऐलान किया है कि कांग्रेस की प्रदेश में सरकार बनने पर मंत्रिमण्डल का पहला फैसला किसानों की कर्जमाफी का होगा। श्री तिवारी ने भरे आत्मविश्वास के बीच यह भी ऐलान किया कि कांग्रेस की प्रतिज्ञा यात्रा को जिस तरह से प्रियंका गांधी के वचनों की विश्वसनीयता के आधार पर जनसमर्थन मिल रहा है, उससे यह साफ है कि कांग्रेस प्रदेश मे इस बार सरकार का नेतृत्व करने की स्थिति मे होगी। गुरूवार को यहां इन्दिरा चौक पर प्रतिज्ञा यात्रा के स्वागत को लेकर हुई विशाल रैली को संबोधित करते हुए प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा के परोसे गये झूठ तथा मंहगाई और अहंकार से त्रस्त होकर इस बार इंदिरा गांधी की पोती प्रियंका गांधी को इंसाफ की आवाज उठाने पर जेल भेजने का भी हिसाब लेगी। चौक पर उमड़े विशाल जनसमूह को देख गदगद प्रमोद तिवारी ने कहा कि रामपुरखास के कांग्रेसी गढ़ से उत्तर प्रदेश मे कांग्रेस की वापसी का यह शंखनाद प्रदेश की राजनीति का नया इतिहास भी लिखेगा। रैली में कांग्रेस विधानपरिषद दल के नेता दीपक सिंह, पूर्व विधायक अजय राय, पूर्व विधायक नदीम जावेद, पूर्व विधायक भगवती चौधरी, एआईसीसी के सचिव बाजीराव, देवव्रत मिश्र, डा. राजेश मिश्र, मुकुन्द तिवारी, पं. श्यामकिशोर शुक्ला, रामेन्द्र शुक्ला, उज्जवल शुक्ला, डा. नीरज त्रिपाठी, इरफान अली, कपिल द्विवेदी ने भी अपने विचार रखे। नगर पंचायत की ओर से चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने प्रमोद तिवारी को गदा भेंटकर सम्मानित किया। अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा. लालजी त्रिपाठी व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ला ने किया। आभार प्रदर्शन प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने किया। रैली का संयोजन जिपंस लालजी यादव व रघुनाथ सरोज तथा लालदेव सिंह व ददन सिंह तथा केडी मिश्र एवं चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया।

## घरेलू व बाहरी दोनों मोर्चे पर गैरजिम्मेदार है बीजेपी सरकार : प्रमोद

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सीडब्लूयूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार को डीजल एवं पेट्रोल के दामों मे लगातार बढोत्तरी के लिए पूरी तरह गैरजिम्मेदार करार दिया है। गुरूवार को यहां पहुंची प्रतिज्ञा यात्रा के दौरान चौक स्थित पार्टी कार्यालय पर प्रेस वार्ता मे श्री तिवारी ने कहा कि चीन जहां अपनी भौगोलिक आक्रामकता के चलते अपने नये सैनिक अधिकार कानून से तनाव का वातावरण बनाये हुए है। वहीं पाकिस्तान की सीमा के राज्य कश्मीर मे भी आतंकी गतिविधियां राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि देश मे मोदी तथा योगी की सरकार मे जहां आंतरिक कानून व्यवस्था की स्थिति गंभीर है वहीं उन्होंने मोदी सरकार की गलत नीतियों के चलते वैदेशिक कूटनीति मे भी कमजोरी को देश के लिए चिंताजनक करार दिया।

# गायब पति के घर न लौटने पर पीड़िता ने दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर से निकले पति के सप्ताह भर बाद भी घर न लौटने से परेशान पीडित महिला ने लालगंज कोतवाली मे दो लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के मिश्राइनपुर गांव निवासी रामऔतार की पतनि गुडडा वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीते बीस अक्टूबर की दोपहर मे गांव निवासी दीपलाल व अनवर उसके घर पहुंचे और कहीं काम से जाने की बात बताते हुए उसके पति को साथ लेकर चले गये। देर शाम तक पति के घर न लौटने पर पीड़िता ने छानबीन किया तो अनवर ने बताया कि वह दीपलाल के साथ कहीं गये है। दूसरे दिन भी पति के घर न लौटने पर जानकारी करने के लिए पीड़िता का बेटा ईश्वरचंद्र जब अनवर के घर पहुंचा तो उसके साथ गालीगलौज करते हुए जानलेवा धमकी दी गई। परेशान पीडिता ने पुलिस को सत्ताईस अक्टूबर को तहरीर देकर दोनों आरोपियो द्वारा पति के साथ अनहोनी किये जाने की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# देश गीतों की निःशुल्क कार्यशाला का हुआ आयोजन

## जगदीश मातनहेलिया ट्रस्ट द्वारा हो रहा कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जगदीश मातनहेलिया मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा भारत की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में देशव्यापी कार्यक्रम आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत बच्चों में देश के प्रति प्रेम की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला देश-राग का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बच्चे राष्ट्रीय भावना के गीतों का पूर्णतः निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

बता दें कि 20 अक्टूबर से प्रारंभ हुई इस कार्यशाला में इन्द्रप्रताप सिंह के संयोजन, लक्ष्मी देवी के सहयोग तथा वरिष्ठ संगीतज्ञ व जगदीश मातनहेलिया मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ शिवानी मातनहेलिया के निर्देशन में 30 से अधिक बच्चों को देशगीतों के प्रशिक्षण के दौरान भारत को जानो प्रशनेत्तरी कार्यक्रम भी होता है, जिसमें बच्चे बहुत उत्साहपूर्वक अपने देश के बारे में जानने का प्रयास कर रहे हैं।

कार्यशाला में आने वाले अतिथियों में पतंजलि योग समिति के पूर्वी उत्तर प्रदेश प्रभारी श्री दुर्गेश योगी वरिष्ठ योग प्रशिक्षक, प्रतापगढ़ व्यापार मण्डल के जिला उपाध्यक्ष सरदार मंजीत गोविंद सिंह वरिष्ठ समाजसेवी, प्रताप बहादुर सनतकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य व वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ0 बृजभानु सिंह, एंजिल्स विद्यायल समूह की निदेशिका डॉ शाहिदा खान आदि हैं जिन्होंने अपना अमूल्य समय निकालकर बच्चों को प्रोत्साहित किया।

# बच्चा बैंक के टीकाकारण को 80 लोगों का हुआ टीकाकरण, डेंटल क्लिनिक पर हुआ आयोजन




अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कोरोना महामारी के कम होने और ज्यादातर लोगों के वैक्सीन लग जाने के कारण अब वैक्सीन कैम्पों में भीड़ घटने लगी है। वैसे स्वास्थ्य विभाग और स्वयं सेवी संस्थाएं अभी भी कैम्प लगाकर दूसरी डोज देने के लिये लोगों को बुला रहे हैं।

आज ऐसा ही कैम्प नया माल गोदाम रोड स्थित डेंटल क्लीनिक पर लगा, जहां दूसरी डोज लगवाने वालों की भीड़ देखी गई। वैसे स्वास्थ्य विभाग नया जिला महिला अस्पताल में तथा जिले के सीएचसी पर भी वैक्सीनेशन का कैम्प लगा रहा है।

कोरोना महामारी के संक्रमण से बचाने को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से चलाये जा रहे टीकाकरण अभियान के क्रम में गुरुवार को रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल और बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के प्रयास डेटल केयर सेंटर आदर्श नगर में लगे कैम्प में लोग उमड़े रहे। कैम्प का उद्घाटन नन्हें मुननें ने किया। कैम्प में लगभग 80 लोगों ने टीका लगवाया। बीबीएफजी के सहयोगी डॉक्टर अनुराग मिश्रा ने बताया कि दोनो संगठन मिलकर टीकाकरण के अभियान को पूरा करने में लगे हुए हैं। इस मौके पर रोटरी क्लब के अश्वनी केसरवानी, शरद केसरवानी, बीबीएफजी से राजकुमार और सतेंद्र मोदनवाल मौजूद थे।

# गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से पानी से घिरा राजभवन कालाकांकर

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** उत्तराखंड में हुई जोरदार वारिश के चलते अचानक गंगा का जल स्तर बढ़ने लगा है जो कालाकांकर राजभवन को अपनी आगोश में ले लिया तीन दिन के अंदर राजभवन से सटे गंगा नदी में उतरने वाली सीढ़ी पर पानी पहुच गया इसी तरह मुरस्सापुर सोनामऊ गंगातट किनारे बने शिव लिंग मंदिर की तरफ पानी का वेग बढ़ता चला आ रहा है यदि स्थिति यही रही तो गंगा का पानी राजभवन के पीछे वाले दरवाजे से अंदर तक पहुँच सकता है।

## खबर संक्षेप

### आधी रात को घर से जबरिया उठा ले गयी पुलिस

**कौशांबी।** कोतवाली क्षेत्र के गुलामी पुर गनपा गांव निवासी जुगल किशोर के घर मंगलवार की आधी रात्रि को सैनी पुलिस पहुंची और बलपूर्वक जुगल किशोर को सैनी कोतवाली उठा ले गई दो दिन से सैनी कोतवाली पुलिस जुगल किशोर को हवालात में डालकर उसके साथ पुलिस अत्याचार अन्याय कर रही है लेकिन दो दिन बाद जब सैनी कोतवाल से जुगल किशोर के बारे में बात किया गया तो उनका कहना है कि जुगल किशोर पुलिस को नहीं मिला है जुगल किशोर के घर में लगे लोहे के जालीदार दरवाजे में अंदर से ताला बंद है किसी अनहोनी की आशंका से ग्रामीण भयभीत हैं जिसे 2 दिन पहले आधी रात को पुलिस बलपूर्वक उठा ले गई है।

### पांच वर्ष कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा पर पंजीकृत पाक्सो एक्ट कद अभियुक्त सुरेश उर्फ झोख्खर पुत्र क्षत्रपाल सिंह निवासी लकौड़ी थाना पश्चिम शरीरा को न्यायालय स्पेशल जज पाक्सो एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर मिशन शक्ति के तहत गंभीर एंव जघन्य अपराधो में पैरवी कर अभियुक्त को 5 वर्ष की कारावास तथा छः हजार रुपए कस अर्थ दंड से दंडित किया गया।

## खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा लाभार्थियों को इलेक्ट्रिक चाक एवं लक्ष्मी गणेश मूर्ति मास्टर डाई का किया वितरण



लाभार्थियों को किट वितरित करते मंत्री

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सदस्य, उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड श्री रमाशंकर शुक्ल एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श्री विश्राम द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 18 लाभार्थियों को इलेक्ट्रिक चाक एवं 05 व्यक्तियां के एक समूह पर कुल 04 समूहों को लक्ष्मी गणेश मूर्ति मास्टर डाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओ प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं ऋण वितरण की सुविधा आदि की विस्तृत जानकारी दी गयी तथा मिट्टी के बर्तन के उपयोग से होने वाले लाभ के विषय में भी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में लाभार्थी-श्री अजय सिंह अमृतलाल जयकरन रामलोटन प्रजापति रामबोध हुबलाल राजकुमार भोन्दल प्रसाद, जगतपाल रामधनी ननकू लाल सत्यप्रकाश प्रजापति वीरेन्द्र कुमार संतोष कुमार विजयकरन सुरेशचन्द्र छितानीलाल विजय कुमार को इलेक्ट्रिक चाक वितरित किया गया।

## नगर पंचायत चरवा के भवन का निर्माण चायल विधायक की पहल पर शुरू

**विधायक चायल की पहल पर मुख्यमंत्री ने स्वीकृत किया एक करोड़ रुपए की धनराशि विधायक ने बुधवार को भूमि पूजन कर भवन निर्माण का किया शुरूआत**

अखंड भारत संदेश



नगर पंचायत चरवा के कार्यालय भवन का पूजा पाठ कर शिलान्यास करते चायल विधायक श्री संजय गुप्ता

**कौशाम्बी।** विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता की पहल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवगठित नगर पंचायत चरवा के कार्यालय भवन के निर्माण के लिए एक करोड़ रुपए की रकम स्वीकृत कर दी है नगर पंचायत चरवा के कार्यालय के भवन के निर्माण के लिए चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता ने बुधवार को भूमि पूजन कर भवन निर्माण का शिलान्यास किया इस मौके पर विधायक ने कहा कि चरवा नगर पंचायत का भवन बन जाने से विकास कार्यों को संचालित करने में नगर पंचायत के अधिकारियों कर्मचारियों को आसानी होगी कार्यालय से संबंधित अभिलेखों को रखने के लिए उन्हें सुगमता मिलेगी विधायक ने कहा कि चरवा नगर पंचायत के क्षेत्र की जनता की मूलभूत जरूरतों को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र का विकास कराया जा रहा है और सरकार से लगातार प्रयास कर नगर पंचायत क्षेत्र में भारी भरकम धनराशि उपलब्ध कराई जा रहे हैं जिससे जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान हो सके कार्यालय भवन के शिलान्यास के अवसर पर अधिशासी अधिकारी चरवा उनके मीडिया प्रभारी सूरज यादव समेत इलाके के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### अचानक निरीक्षण करने पहुंचे कौशांबी जनपद आईजी राकेश सिंह

**कौशाम्बी।** पुलिस महानिरीक्षक, प्रयागराज परिक्षेत्र, प्रयागराज द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय जनपद कौशाम्बी पर गार्द की सलामी ली गयी।प्रयागराज आईजी राजेश सिंह परिक्षेत्र के जनपद कौशाम्बी में औचक निरीक्षण करने पहुंच गए निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय के रिसेप्शन काउंटर कम्प्लर सेल, मीडिया सेल एवं अन्य शाखाओं का निरीक्षण कर पुलिस कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस महानिरीक्षक, प्रयागराज परिक्षेत्र द्वारा दुर्गा भाभी सभागार में जनपद के समस्त अधिकारीगणों के साथ लंबित विवेचनाओं के सम्बंध में गोष्ठी की गयी गोष्ठी के दौरान लंबित विवेचनाओं के निस्तारण हेतु उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए।

## न्यूज झरोखा

### उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

**करारी कौशांबी।** निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की बैठक 27 अक्टूबर को जिला अध्यक्ष रामप्रताप लाली की अध्यक्षता में संपन्न हुई है कार्यक्रम का संचालन महामंत्री बेसाल अहमद ने किया है बैठक में ब्लाक के अध्यक्ष तथा मंत्री उपस्थित हुए और विभिन्न समस्याओं के निस्तारण हेतु मांग पत्र प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने कहा कि मानव संपदा पोर्टल पर उपार्जित अवकाश की संख्या 300 दिन दिखा रहा है जो राज्य कर्मचारियों के लिए है शिक्षकों ने कहा कि इसको शिक्षकों को देय उपार्जित अवकाश की संख्या को पोर्टल में अंकित किया जाए अन्य जनपदों की भांति अपने जनपद में भी पदोन्नत की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ किया जाए शिक्षक जो अबकी सत्र में रिटायर हो रहे हैं पदोन्नति प्रक्रिया में उनकी संख्या तथा विद्यालयों को भी रिक्तियों में सम्मलित किये जाने सहित रसोइयों का बकाया मानदेय दिए जाने की मांग परिवर्तन लागत एवं सामान शीघ्र उपलब्ध कराए जाने की मांग असुरक्षा की भावना से प्रधानाध्यापक को मिड-डे-मील संबंधी सामग्री विद्यालय से बराबर सुरक्षित स्थान पर रखवाने हेतु अनुमति प्रदान किए जाने की मांग सहित विभिन्न मांगों पर चर्चा हुई बैठक में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष नजर मोहम्मद विनोद कुमार श्रीवास्तव अनिल कुमार सिंह केशव प्रसाद चैतू लाल अखिलेश कुमार आदि उपस्थित है।

### रास्ते के विवाद में पीआरडी जवान के परिजनों को पीटा

**कौशांबी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के हिनौता पुलिस चौकी क्षेत्र के शिवरा गांव में रास्ते के विवाद के सुलाह समझौते के बाद दबंगों ने पीआरडी जवान के परिवार में महिला बच्चों को बेरहमी से पीटा है मामले में हिनौता चौकी पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में हैं बताते चलें कि इंद्र बली पीआरडी में जवान है घर में उनकी पत्नी रेनू देवी उनकी माता और बच्चे रहते हैं उनकी पैतृक जमीन से रास्ता है जिस पर दबंग निकलने नहीं देते हैं मामले की शिकायत रेनू देवी ने हिनौता चौकी पुलिस ने किया जिस पर पुलिस ने मामले में दबाव डालकर समझौता करा दिया समझौते के बाद दबंगों के हौसले बुलंद हो गए रेनू देवी उसकी सास और बच्चों को गाली गलौज कर बेरहमी से दबंगो ने पीटा है पीआरडी जवान के परिजनों को पीटे जाने के बाद शिकायती पत्र मिलने के बाद भी हिनौता चौकी पुलिस आरोपियों पर कार्यवाही करने का साहस नहीं कर पा रही है इस मामले में हिनौता चौकी पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में है।

### सीएम ने नगर पंचायत कार्यालय भवन का किया वर्चुअल शिलान्यास

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ से 83 नव सृजित नगर पंचायतों के कार्यालय भवन का वर्चुअल शिलान्यास किया गया मुख्यमंत्री द्वारा जनपद में नव सृजित नगर पंचायत पूरब-पश्चिम शरीरा, दारा नगर-कड़ाधाम एवं चरवा के कार्यालय भवन का भी शिलान्यास किया गया। जिलाधिकारी सुजीत कुमार नगर पंचायत पूरब-पश्चिम शरीरा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहे तथा उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना। इसी प्रकार नव सृजित नगर पंचायत दारा नगर कड़ाधाम एवं चरवा में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया

### ऋण सवंवर्धन कार्यक्रम का आयोजन 29 अक्टूबर को

**कौशाम्बी।** जनपद में वित्तीय तरलता को बढ़ावा देने के लिए ह्लऋण सवंवर्धन कार्यक्रम क्रेडिट आउटरिच प्रोग्राम 29 अक्टूबर 2021 को विकास भवन परिसर में आयोजित किया जा रहा है लीड बैंक मैनेजर संजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं-मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि योजना, स्वयं सहायता समूह, पीएमईजीपी पीएमजेजेबीवाई पीएमएसबीवाई एवं एपीवाई का खाता खोलने एवं योजनाओं की जानकारी दी जायेगी व ऋण स्वीकृत पत्र सांसद विधायक व जिलाधिकारी द्वारा दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कृषि विभाग, नाबार्ड, संबंधित विभागीय योजनाओं सहित सभी सरकारी एवं निजी बैंको द्वारा स्टॉल लगाये जायेंगे।

### चिकित्सकों एवं स्टाफ को डीएम ने किया सम्मानित

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने संयुक्त जिला चिकित्सालय में आयोजित कायाकल्प अभिनन्दन समारोह में जिला अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्टॉफ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने सभी के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए और सतर्क रहते हुए अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करने के निर्देश दिये।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना करारी पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त शफाकत उल्ला पुत्र हसमत उल्ला निवासी बरई बंधवा थाना करारी को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

**वांछित अभियुक्त गिरफ्तार**

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त रोहित कुमार भारती पुत्र सम्पत लाल भारती को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

## बसपा के गढ़ कौशांबी में पार्टी प्रत्याशी फहराएंगे जीत का पताका : सन्तोष गौतम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** बहुजन समाज पार्टी विधानसभा चायल के बेनीराम कटरा चौराहे पर 27 अक्टूबर को संगम लाल मिश्रा के घर पर जिला अध्यक्ष संतोष कुमार गौतम ने सेक्टर अध्यक्ष और विधानसभा कमेटी के साथ बैठक किया बैठक में जिला अध्यक्ष संतोष गौतम ने कहा कि कौशांबी जनपद को फिर बसपा मय बनाना है उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव 2022 में तीनों विधानसभा सीट पर बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजई बनाना है उन्होंने बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कौशांबी हमेशा से बसपा का गढ़ रहा है लेकिन पिछले बार भाजपा की लहर में कौशांबी से बसपा के प्रत्याशी नहीं जीत सके लेकिन इस बार के चुनाव में बसपा के इस गढ़ को फिर बचाना है और यहां की तीनों सीटों पर बसपा प्रत्याशियों को जीत दर्ज कराने के लिए आम जनता मतदाताओं से मुलाकात कर उन्हें बसपा सुप्रीमो मायावती के कार्यों से और नीतियों से अवगत कराना है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों से जनता ऊब चुकी है और वह सूबे में मायावती की सरकार चाहती है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष संतोष कुमार गौतम पूर्व ब्राह्मण समाज भाईचारा कमेटी के विधानसभा अध्यक्ष संगम लाल मिश्रा विधानसभा अध्यक्ष डॉ एसके गौतम विधानसभा महासचिव शिवचंद सरोज विधानसभा कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह पटेल विधानसभा इञ्त्र संयोजक सुभाष चंद्र गौतम सेक्टर अध्यक्ष मंत लाल सरोज केसरी लाल सरोज दिलीप कुमार सरोज शशिकांत सरोज लालमन गौतम सिपाही लाल गौतम धम्मा पति रंजीत कुमार बाल्मीकि धीरेंद्र कुमार तिवारी सहित तमाम बसपा के साथियों ने हिस्सा लिया।

### कौशांबी के कांग्रेसियों में प्रतिज्ञा यात्रा में शामिल नेताओं का किया स्वागत

**कौशाम्बी।** कांग्रेस पार्टी की प्रतिज्ञा यात्रा में शामिल नेताओं के स्वागत के लिए कौशांबी के कांग्रेसी नेता उमड़ पड़े हैं और मानवाधिकार के जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा के नेतृत्व में तमाम कांग्रेसी प्रयागराज पहुंचे हैं और जोरदार तरीके से यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया है दिनांक 26 अक्टूबर को प्रयागराज के नकाश कोना चौराहे पर प्रतिज्ञा यात्रा को लेकर पूर्व विधान मंडल दल के नेता प्रमोद तिवारी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय लल्लू एमएलसी दीपक सिंह बाजीराव खावे विभाकर शास्त्री सुधाकर तिवारी पहुँचे प्रतिज्ञा यात्रा में शामिल नेताओं के स्वागत के लिए दर्जनों कार्यकताओं के साथ जिला अध्यक्ष अरुण कुमार विद्यार्थी के नेतृत्व में जोरदार तरीके से स्वागत किया गया जितेंद्र कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष कांग्रेश मानवाधिकार विभाग कौशांबी ने उक्त जानकारी दी है।

### महेवाघट में आर.सी.सी. नाला निर्माण का सांसद ने किया शिलान्यास

**इमामगंज कौशाम्बी।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव सांसद विनोद सोनकर ने बुधवार को विधानसभा मंझनपुर अन्तर्गत महेवा घाट से हरीदास के पुरवा से नौबस्ता तक आरसीसी नाला के निर्माण का सिलान्यास किया। बतौर मुख्य अतिथि सांसद ने कहा कि भाजपा की सरकार एक मात्र विकास पर विश्वास करती है। क्योकि देश की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार का मात्र लक्ष्य समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को लाभ पहुँचाना मुख्य उद्देश्य है और इसी मूलमंत्र के आधार पर हम सभी कार्यकर्ता कार्य कर रहें है। सांसद ने कहा कि मेरे द्वारा किये जा रहे इस शिलान्यास कार्य के पूर्ण होने पर स्थानीय नागरिकों को काफी राहत मिलेगी। इससे इस क्षेत्र की कई जटिल समस्याओं का अन्त होगा। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास सदैव यह रहेगा कि मेरी लोकसभा क्षेत्र में किसी तरह से लोगों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहना पड़े। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंझनपुर विधायक लाल बहादुर ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में अश्वनी द्विवेदी, जगजीत सिंह, शिवाकान्त पाडे, अजय पाड़े, भूपेन्द्र सिंह, संदीप मिश्रा, आदि सैकड़ो लोग उपास्थित रहे। उक्त आशय की जानकारी, सांसद मीडिया प्रभारी राजेन्द्र पाण्डेय ने दी।

## किसान की हुई संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

अखंड भारत संदेश

**खेत में मचान बनाकर सोते किसान की मचान से नीचे मिली लाश**

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के कौशाम्बी थाना अंतर्गत गढ़वा गांव में बुधवार की रात फसल की रखवाली कर रहे किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है मचान में सो रहे किसान की लाश जमीन में मिली है। मौके पर खून पड़ा था सुबह मे खेत की तरफ उसकी पत्नी गई तो पति की लाश देख कर उसके होश उड़ गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल की जांच कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक कौशांबी थाना क्षेत्र के गढ़वा गांव के फूलचंद निषाद उम्र 50 वर्ष पुत्र भगत निषाद खेती किसानी करके परिवार का भरण पोषण करते थे गांव के पूर्व दिशा में एक खेत में उन्होंने धान की फसल लगा रखी थी बेसहारा मवेशियों से फसल को बचाने के लिए वह खेत में ही मचान बनाकर रात में सोते थे रोज की तरह बुधवार को वह घर पर खाना खा पी कर खेत पर सोने चले गए रात में ही सोते समय उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई सुबह फूलचंद की पत्नी श्याम मनी खेत की तरफ गई तो पति की लाश मचान से नीचे पड़ी थी वहीं पास में खून पड़ा था जिसे देख कर पत्नी बदहवास होकर चीखने चिल्लाने लगी शोर सुनकर गांव वालों की भीड़ इकट्ठा हो गई सूचना पर कौशांबी थानाध्यक्ष मौके पर पहुँचे और जांच पड़ताल की सीओ मंझनपुर भी मौके पर पहुंचे ग्रामीणों से पूछताछ की गई घर वालों ने बताया कि फूलचंद सांस की बीमारी का मरीज था उसे कभी-कभी खांसी के साथ खून आ जाता था जिसका इलाज मध्यप्रदेश से चल रहा था। परिजनों ने अभी तक किसी पर कोई आरोप नही लगाया है।

## महिला उत्थान जागृति संस्थान के नेतृत्व में मिशन शक्ति कार्यक्रम संपन्न

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के मेडरहा गांव में महिला उत्थान और जागृति संस्थान के नेतृत्व में मिशन शक्ति कार्यक्रम संपन्न हुआ इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया है इस मौके पर अंजना मिश्रा ने कहा कि महिला और बच्चों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उनके अधिकारों के लिए संघर्ष किया जाएगा महिला उत्थान और जागृति संस्थान की अध्यक्ष अंजना मिश्रा मेडरहा ग्राम प्रधान के यहां मिशन शक्ति का कार्यक्रम सुनिश्चित करने के लिए गयी थी जहां गांव के अराजकतत्व कृपाचार्य मिश्रा गुलाब मिश्रा मधुकर मिश्रा दिवाकर मिश्रा सुगौती मिश्रा आदि लोगो ने कार्यक्रम में भरसक व्यवधान डालने का प्रयास किया लेकिन अराजक तत्व मिशन शक्ति के कार्यक्रम में व्यवधान डालने में सफल नहीं हो सके अंजना मिश्रा का कहना है कि अराजक तत्वों द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम ना करने की उन्हें धमकी दिया गया था मामले में अंजना मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक को अवगत कराते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की थी जिस पर पुलिस कप्तान ने स्थानीय थाना पुलिस को शांति व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया था महिला शक्ति कार्यक्रम में व्यवधान डालने वाले आराजक तत्वों का कहना था की अंजना मिश्रा मेडरहा गांव में मिशन शक्ति का कार्यक्रम नहीं करेंगे इसके बावजूद अराजक तत्वों को चुनौती देते हुए अंजना मिश्रा ने 27 अक्टूबर को बहुत ही शांति पूर्व तरीके से मिशन शक्ति का कार्यक्रम संपन्न कराया इस कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति से निधि त्रिपाठी वन स्टैप सेंटर से शशि त्रिपाठी लीना अवस्थी रेणु यादव अर्चना गौतम कांति कुशवाहा ग्राम प्रधान पहाड़िया वीरेंद्र चौरसिया ग्राम प्रधान मेडरहा अलका त्रिपाठी शालिनी कमला यादव प्रमोद सिंह आंगनबाड़ी कार्यकत्री आशा बहू सहित इलाके के गणमान्य व्यक्ति महिला सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस महानिरीक्षक द्वारा चलाये गए हिस्ट्रीशीटर चेकिंग अभियान के क्रम में एससी एसटी मस वांछित अभियुक्त भैय्यन कुंजड़ा पुत्र स्व0 सुग्गुन हिस्ट्रीशीटर ग्राम चपहुआ थाना चरवा चेकिंग व आवश्यक कार्यवाही घर गिरफ्तारी हेतु दबिश में लिए पहुचने पर अभियुक्त द्वारा गिरफ्तारी से बचने के प्रयास से तमंचा 12 बोर से पुलिस बल पर फायर करने लगा जिसके फलस्वरूप आत्मरक्षा में कास्टेबल शिव सिंह द्वारा इंसास राइफल से राउंड फायर करने पर अभियुक्त के दाहिने पैर पर गोली लगने से अभियुक्त गिर गया पुलिस बल द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर कब्जे से एक अदद तमंचा 12 बोर चार अदद जिंदा कारतूस बरामद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

## अधिवक्ता समाज का मार्गदर्शक : विनोद सोनकर

अखंड भारत संदेश

### चायल तहसील में अधिवक्ता वादकारी भवन का लोकार्पण

**इमामगंज कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व कैशाम्बी के सांसद विनोद सोनकर आज जनपद मे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुये। जनपद के चायल तहसील परिसर में अधिवक्ता वादकारी भवन का लोकार्पण किया। सन्- 2019-20 सांसद निधि योजना के अन्तर्गत भवन निर्माण संपन्न हुआ है।

बार एसोसियेशन चायल के अध्यक्ष मानसिंह व महामंत्री सगीर अहमद, की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विनोद सोनकर के कहा कि अधिवक्ता समाज का मार्गदर्शक होता है। साथ ही उन्होंने कहा कि जबसे आप लोगों ने मुझे आर्शिवाद देकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेजने का काम किया है। मेरी भी जिम्मेदारी है समाज के सबसे जागरूक अधिवक्ता समाज को अपने कार्य क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहे उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा कोरोना के पूर्व मेरी लोकसभा की सभी तहसीलो व जनपद न्यायालय में सावर्जनिक शौचालयों का निर्माण कराया गया। इसके अलावा अधिवक्ताओं के हित के लिये जो भी सम्भव होता है वह लगातार किया जा रहा है। साथ ही उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार एक ही मूलमंत्र पर चलती है सबका साथ सबका विकास, विना भेदभाव के समाज के प्रत्येक वर्ग की भागेदारी रहती है।

साथ ही लोकार्पण के साथ-साथ पॉच लाख रुपए लागत का एक पुनः अधिवक्ता वादकारी भवन बनाये जाने की घोषणा भी की। बार एसोसियेशन के तहसील अध्यक्ष मानसिह ने मुख्य अथिति का धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तहसील महामंत्री सगीर अहमद, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव, बाके लाल पाल, राधेमोहन सिंह, राकेश पाल, धीरेन्द्र प्रताप सोनकर, भवमेन्द्र स्वारूप आदि सैकड़ों अधिवक्ता उपास्थित रहे उक्त आशय की जानकारी, सांसद मीडिया प्रभारी राजेन्द्र पाण्डेय ने दी।

### जनपद स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन 31 अक्टूबर

**एक नवम्बर को ग्राम-नरवर पट्टी में किया जायेगा आयोजन**

**कौशाम्बी।** जनपद स्तरीय खुली ग्रामीण खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 31.10.2021 एवं 01.11.2021 को ग्राम-नरवर पट्टी, विकास खण्ड-मूरतगंज में किया जायेगा, जिसमें बालक/बालिकायें प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कबड्डी, वालीवाल, कुस्ती एवं भारोत्तोलन आदि विधाओं में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी उक्त तिथि को प्रातः 08 बजे रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें। युवक/महिला मंगल दलों के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी छंगूराम सरोज ने दी है।

## गरीबी में आग ने लील ली गृहस्थी

**करारी कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के बरई बंधवा गांव में एक गरीब की झोपड़ी में बीती रात आग लग जाने से उसकी गृहस्थी का पूरा सामान और झोपड़ी अग्निकांड की भेंट चढ़ गया है जिससे गरीब के सामने दो जून रोटी और रहने की समस्या आ गई है खबर लिखे जाने तक गरीब के इस मुसीबत पर अधिकारी जनप्रतिनिधि और उनके नुमाइंदे मदद कर सांत्वना देने नहीं पहुंचे हैं।

जानकारी के मुताबिक मंझनपुर तहसील क्षेत्र के बरई बंधवा गांव निवासी नौशाद पुत्र हसमत उल्ला किसी तरह गाड़ी किसी चला कर अपने परिवार का जीविकोपार्जन करते है गरीबी आर्थिक तंगी के चलते वह विद्युत का कनेक्शन नही ले पाए थे सरकार ने गरीबों के लिए विद्युत कनेक्शन के निशुल्क की तमाम योजनाएं बनाई लेकिन नौशाद तक सरकार की निःशुल्क विधुत योजना नहीं पहुंच सकी जिससे वह ढेबरी और मोमबत्ती के प्रकाश में जीवन यापन कर रहे थे बुधवार की रात करीब 12 बजे मोमबत्ती से उनके झोपडी नुमा घर मे आग लग गयी जिसमे घर मे रखा सारा सामान और उनकी झोपड़ी जल कर राख हो गयी है सरकार द्वारा गरीबों को आवास दिया जाता है लेकिन नौशाद तक सरकार की आवास योजना भी नहीं पहुंच सकी जिससे गरीबी में जिंदगी के दिन वह छप्पर बना कर गुजार रहे थे लेकिन बीती रात उनके झोपड़ी छप्पर नुमा घर में आग लग जाने से छप्पर और गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया है जिससे अब उनका परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को विवश है सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं नौशाद की स्थिति पर मुंह चिढ़ा रही है बड़े-बड़े भाषण देने वाले अधिकारी और नेताओं के कारनामों का खुलासा नौशाद की स्थिति कर रही है लेकिन फिर भी नौशाद की स्थिति पर माननीय और अधिकारी तरस नहीं खा रहे हैं।

## रिटायरमेंट कर्मी को ठेके पर कार्यालय सौंपकर अधिकारी फरार

अखंड भारत संदेश

**योजनाओं की धज्जियां उड़ा कर लाभार्थियों से हो रही जमकर वसूली दीपावली पर कमिश्नर साहब को अचार की हजारों डिब्बा पहुंचाने की बात कह रहे हैं विभाग के बाबू**

**कौशाम्बी।** जिला उद्योग केंद्र को लूटने वाले बाबू को शासन ने बीते महीने सेवानिवृत्त कर दिया है लेकिन रिटायरमेंट बाबू का विभाग में दबदबा बना है विभाग के अधिकारी ने रिटायरमेंट बाबू को ठेके पर कार्यालय सौपकर फरार हो गए हैं महीनों से कार्यालय में अधिकारी नहीं हैं विभाग की योजनाओं की धज्जियां उड़ा कर रिटायरमेंट बाबू लाभार्थियों को लूट रहा है जिले में उद्योग धंधों को बढ़ावा देने की तमाम योजनाओं के बाद भी जिला उद्योग बिहीन रह गया है जिले में बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा है उद्यमियों को उद्यम नहीं मिल रहे हैं विभाग की योजनाओं में एक बाबू 25 वर्षो से कुंडली मार कर बैठा है। बताते चलें कि जिला उद्योग केंद्र में लिपिक के पद पर डीआर मिश्रा की तैनाती थी पच्चीस साल से डीआर मिश्रा जिला उद्योग केंद्र में दबदबा बनाए थे इनके बिना इस विभाग में एक पत्ता भी नहीं हिलता था विभाग में आवेदन कताओं की पत्रावली में बिना वसूली के उनकी फाइलें नहीं स्वीकृति होती थी सूत्रों की माने तो डीआर मिश्रा ने विभाग के लाभार्थियों से करोड़ों की वसूली की है वसूली में माहिर डीआर मिश्रा बीते महीने सेवानिवृत्त हो गए हैं लेकिन सेवानिवृत्त के बाद भी विभाग की काली कमाई से उनका मोहभंग नही हुआ है और महीनों बीत जाने के बाद भी इन्होंने अपने चार्ज अधीनस्थों को नहीं दिए हैं और प्रतिदिन कार्यालय पहुंच कर लाभार्थियों को फिर लूट रहे हैं जिन लाभार्थियों ने इनकी बातों को मान लिया तो उनकी फाइलें बैंक भेज दी जाती है वरना लाभार्थी विभाग का चक्कर लगाता रहे उसके ऋण आवेदन पत्रावली बैंक नहीं भेजे जाते हैं लंबे समय से विभाग में तैनात लिपिक के दबदबा के चलते बैंक भी बाबू के बातों पर भरोसा कर लेता है जिन लाभार्थियों से बाबू को रकम नहीं मिलती है उन लाभार्थियों के बारे में ऊल जलूल बात बताकर बैंकों से फाइल वापस करा दी जाती है विभाग में दबदबा कायम बाबू डीआर मिश्रा के रिटायरमेंट के बाद कार्यालय में पूरे समय मौजूद रहने के मामले में अभी तक आला अधिकारियों ने मामला संज्ञान लेकर कठोर कार्यवाही नहीं की है। इन दिनों रिटायरमेंट बाबू के संरक्षण में विभाग में अचार फैक्ट्री चल रही है और यह बताया जा रहा है कि दीपावली के पर्व पर कमिश्नर साहब को अचार पहुंचाना है हजारों डिब्बे अचार के कार्यालय में सील पैक किए जा रहे हैं इस पर जब सवाल जवाब किया गया तो उनका कहना है कि कमिश्नर साहब केला का अचार लखनऊ के अधिकारियों को भी पहुंचाएंगे विभाग के बाबू के संरक्षण में उधोग केंद्र कार्यालय के भीतर अवैध तरीके से अचार फैक्ट्री का संचालन कर कमिश्नर साहब को बदनाम कर रहे हैं विभाग के भीतर अवैध तरीके से चल रही अचार फैक्ट्री के मामले में जिलाधिकारी ने जांच कराई तो विभाग के रिटायरमेंट बाबू के साथ-साथ विभागीय लिपिक और अचार फैक्ट्री के संचालक पर कठोर कार्यवाही हो सकती है।

## पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह में शहीद सैनिकों के आश्रितों को किया गया सम्मानित

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में नवनिर्मित सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि निदेशक, सैनिक कल्याण ब्रिगेडियर रवि की उपस्थिति में किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं जिलाधिकारी द्वारा निवासी-ग्राम-टेंवा श्रीमती शान्ति देवी पत्नी स्व0 रामनिहोरे को रुपए-03 हजार एवं निवासी-ग्राम कसेंदा अनीस अहमद पुत्र स्व0 अब्दुल रहीम को रुपए-3500 का चेक देकर सम्मानित किया गया तथा शहीद सैनिकों के 20 आश्रितों को शाल देकर सम्मानित किया गया।

### अधिवक्ता परिषद कौशाम्बी इकाई की कार्यकारिणी की हुई मासिक बैठक

**कौशाम्बी।** अधिवक्ता परिषद कौशाम्बी इकाई की कार्यकारिणी की मासिक बैठक आज 27 अक्टूबर को समय 3:30 से अधिवक्ता परिषद् कौशाम्बी इकाई के संरक्षक के डी द्विवेदी के चेंबर पर हुई। बैठक में न्याय प्रवाह सदस्यों की संख्या बढ़ाने एवं सामूहिक स्वास्थ्य बीमा एवं आगामी नियमित मासिक बैठक विषयों पर चर्चा किया गया।बैठक में अधिवक्ता परिषद के संरक्षक के डी द्विवेदी अध्यक्ष श्री राम चौधरी कोषाध्यक्ष अखिलेश विश्वकर्मा सूरज प्रदीप रवि त्रिपाठी सत्यनारायण एवं महामंत्री सुनील त्रिपाठी आदि अधिवक्ता गण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी सुनील त्रिपाठी महामंत्री अधिवक्ता परिषद कौशाम्बी इकाई ने दी है।

### पुलिस ने वसूला जुमार्ना

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मस जिले में यातायात के नियमो को न मानने वालो के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमें 95 वाहनों के ई चालान किया गया व 3 वाहन से 1500 रुपए सम्मन शुल्क वसूल किया गया साथ ही बिना मास्क लगाए घूम रहे व सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का उलंघन करने वाले 6 व्यक्तियों से 600 रुपए जुमार्ना वसूला गया।

## सम्पादकीय

### पेगासस पर सच आएगा सामने

#### संवैधानिक अधिकारों के उल्लघंन के मामलों को हलके में नहीं लिया जा सकता

सरकार ने पेगासस मामले में अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया है या नहीं यह तो जांच पूरी होने के बाद पता चलेगा, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने यह संदेश जरूर दिया है कि लोकतंत्र में नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों के उल्लंघन के मामलों को हलके में नहीं लिया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने पेगासस स्पाईवेयर प्रकरण में केंद्र सरकार की दलीलों को ठुकराते हुए इसकी विस्तृत और पारदर्शी जांच कराने का फैसला किया और इसके लिए तीन सदस्यों की एक समिति भी गठित कर दी। मीडिया समूहों के एक इंटरनैशनल कॉन्सशियम की ओर से करीब तीन महीने पहले आई इस रिपोर्ट ने दुनिया भर में हलचल मचा दी थी कि इस्राइली कंपनी एनएसओ ग्रुप के फोन हैकिंग सॉफ्टवेयर पेगासस के जरिए विभिनन्‍ देशों में नागरिकों की जासूसी कराई गई। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि इसके मार्फत भारत में भी 50,000 लोगों के फोन को निशाना बनाया गया। इनमें न केवल नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार और बिजनेसमेन बल्कि जिम्मेदार और संवैधानिक पदों पर बैठे लोग भी थे। मामले का एक महत्वपूर्ण पहलू यह रहा कि एनएसओ ग्रुप ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा, यह उपकरण प्राइवेट पार्टियों को नहीं बेचा जाता, सिर्फ सरकारों को दिया जाता है क्योंकि इसका मकसद आतंकवाद जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने में मदद करना है। इसके बाद स्वाभाविक रूप से भारत में भी सबका ध्यान सरकार की ओर गया। संसद में भी यह सवाल उठा और सरकार से इस पूरे मामले की भरोसेमंद जांच कराने की मांग की गई।

मगर सरकार तमाम आरोपों का खंडन करने से आगे नहीं बढ़ी। उसने देश की सुरक्षा का मामला बताते हुए इसमें ज्यादा कुछ कहने से भी इनकार कर दिया। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के दौरान भी कोर्ट के आग्रह के बावजूद सरकार ने न तो विस्तृत हलफनामा दायर किया और न ही स्पष्ट तौर पर यह कहने के लिए तैयार हुई कि सरकार के किसी विभाग ने पेगासस खरीदा है या नहीं और उसका किसी रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है या नहीं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का यह कहना बहुत महत्वपूर्ण है कि सरकार हर मामले में राष्ट्रीय सुरक्षा की आड़ लेकर नहीं बच सकती। वैसे कोर्ट ने माना है कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में एक हद तक नागरिकों की निजता के अधिकार का उल्लंघन मान्य हो सकता है, लेकिन उसने स्पष्ट किया कि ऐसा हर उल्लंघन कानूनी और संवैधानिक प्रावधानों की कसौटी पर खरा उतरना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने समिति की जांच के दायरे को जितना विस्तृत रखा है, उससे साफ है कि वह इस संवेदनशील मामले के हर महत्वपूर्ण पहलू की बारीकी से जांच सुनिश्चित करना चाहता है। बहरहाल, सरकार ने पेगासस मामले में अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया है या नहीं यह तो जांच पूरी होने के बाद पता चलेगा, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने यह संदेश जरूर दिया है कि लोकतंत्र में नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों के उल्लंघन के मामलों को हलके में नहीं लिया जा सकता।

# सिख विरोधी दंगों के जख्म आज भी ताजा हैं, पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम अब भी अधूरा

**राकेश सैन**

बड़े से बड़े आतंकी हमलों के बावजूद पंजाब का साम्प्रदायिक सौहार्द बरकरार रहा और दोनों ने मिल कर आतंकवाद से लोहा लिया। सिख विरोधी दंगों के दौरान भी इस रिश्ते को पूरी गम्भीरता से निभाया गया परन्तु दंगों की भयावहता की घटनाओं के बीच इन घटनाओं पर किसी का ध्यान नहीं जा पाया। हर दंगे व साम्प्रदायिक हिंसा समाज में विभाजन और तनाव की रेखा खींच जाती है, समाज हितैषी शक्तियां जहां खाई को पाटने में विश्वास करती हैं वहीं विरोधी ताकतों का प्रयास रहता है कि इन दरारों को खाई बना कर समाज को बांटने का काम किया जाए। नवम्बर महीना आते ही हर भारतीयों के दिलों में हरे हो जाते हैं वो जख्म जो उन्हें 1984 में पूर्व प्रधानमन्त्री श्रीमती इन्दिरा गान्धी की कायरतापूर्ण हत्या के बाद सिख विरोधी दंगों के समय मिले। इन दंगों में हुए एकतरफा नरसंहार से हर दिल दुखी है और सभी दंगाइयों को सख्त से सख्त सजा मिलने के बेसब्री से इन्तजार में हैं, लेकिन देखने में आता है कि दंगों की आड़ में सक्रिय हो जाते हैं विष की खेती करने वाले वे लोग जो देश में अलगाव पैदा करना चाहते हैं।

चाहे इन दंगों का आरोप एक राजनीतिक दल पर लगता है परन्तु विभाजनकारी शक्तियों द्वारा इसे समाज के दो घटकों के बीच संघर्ष के रूप में प्रचारित किया जाता है। यह बात सही है कि इन दंगों में उस सिख समाज को अत्यन्त पीड़ादायी परिस्थितियों से गुजरना पड़ा जो कुछ दशक पहले ही विभाजन के बाद देश के उस हिस्से से उजड़ कर आए जिसे आज पाकिस्तान कहा जाता है। दंगों की विभिषिका के बारे में बहुत कुछ लिखा व कहा जा रहा है परन्तु दंगों के दौरान हिन्दू समाज ने किस तरह सिख भाइयों की मदद की और जान पर खेल कर केसधारी बन्धुओं की जान, माल की रक्षा की और पुनर्वास में सहयोग किया उन घटनाओं की अनदेखी-सी की जाती रही है। इन दंगों में हिन्दू समाज ने आगे आ कर जितना सम्भव हो अपने सिख बन्धुओं की जानमाल की रक्षा की और उन्हें संरक्षण दिया। हिन्दू-सिखों के बीच का यह सम्बन्ध केवल दिल्ली ही नहीं बल्कि देश के बाकी हिस्सों में भी देखने को मिला, इन घटनाओं को पंजाब के लेखक श्री अमरदीप जौली ने अपनी पुस्तक 'इन्सानीयत जिन्दा है' में किया है। इसमें लेखक ने देश के विभिनन्‍ हिस्सों में रह रहे उन सिख बन्धुओं के साक्षात्कार प्रकाशित किए हैं जो दंगा पीड़ितो हैं और उनके जान-माल की सुरक्षा में हिन्दू समाज, उनके पड़ोसियों, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने अपनी जान की बाजी तक लगा दी। जिस तरह पंजाब में आतंकवाद के बुरे दौर में भी हिन्दू-सिखों ने नाखून मांस का सदियों पुराना रिश्ता निभाया, उसी तरह सिख विरोधी दंगों में भी यह रिश्ता खूब परवान चढ़ा।

केवल इतना ही नहीं, दंगा पीडि.तों के लिए न्याय हेतु संघर्ष कर रहे पंजाब के पूर्व विधायक व सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट एच.एस. फूलका भी 19 अगस्त, 2018 को 'इण्डियन एक्सप्रेस' में प्रकाशित रिपोर्ट में बताते हैं कि 'पूर्व प्रधानमन्त्री एवं भाजपा के दिवंगत नेता अटल बिहारी वाजपेयी दिल्ली में थे और 1 नवम्बर, 1984 को जब सिख विरोधी दंगे शुरू हुए तो उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था और वो अपने घर पर ही थे। उनके निवास के सामने एक टैक्सी स्टैण्ड था जहां काफी संख्या में सिख वाहन चालक मौजूद थे। दंगाइयों ने उन पर हमला कर दिया, शोर सुन कर वाजपेयी जी बाहर आए और उन्होंने इन सिखों को दंगाइयों से बचा कर अपने घर में शरण दी। दंगों के बाद संसद में तत्कालीन सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस ने इनमें केवल 600 सिखों के ही मारे जाने की बात कही तो वाजपेयी जी ने इसका विरोध करते हुए 16 नवम्बर, 1984 को मृतकों के सही आंकड़े संसद के पटल पर रखे जिनकी संख्या 2700 थी। ये आंकड़े भाजपा नेता व दिल्ली के पूर्व मुख्यमन्त्री श्री मदन लाल खुराना (दिवंगत) ने पीडि.तों के घर-घर व राहत शिविरों में जा कर जुटाए थे। इस पर कांग्रेस ने वाजपेयी जी को देश का गद्दार बताया, परन्तु जवाब में उन्होंने कहा कि



कोई मुझे कुछ भी कहे कोई अन्तर नहीं पड़ता। बाद में आहूजा समिति ने भी इन्हीं आंकड़ों को सत्य मानते हुए दंगे में मरे लोगों की संख्या 2733 बताई। एडवोकेट फूलका आगे कहते हैं कि 'प्रधानमन्त्री बनने के बाद मैं वाजपेयी जी से मिला और उन्हें बताया कि कांग्रेस पार्टी अपने नेताओं को बचाने के लिए केसों को दबा रही है। सुझाव देने पर वाजपेयी जी ने साल 2000 में नानावटी आयोग की स्थापना की और बन्द हो चुके केस दोबारा खुलवाए। वाजपेयी जी द्वारा सदन में रखी गई मृतकों की सूची ने इस आयोग के कामों में बहुत सहायता की।' केवल फूलका ही नहीं, देश के वरिष्ठ पत्रकार व लेखक रहे दिवंगत स. खुशवन्त सिंह भी स्वीकार करते हैं कि सिखों की जान-माल की रक्षा में हिन्दू समाज विशेषकर संघ और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने अहम भूमिका निभाई थी। 16 नवम्बर, 1989 में पब्लिक ऐशिया में लिखते हुए वे बताते हैं कि 'यह कांग्रेस (आई.) के नेता थे जिन्होंने 1984 में भीड़ को भडक़ाया जिसमें 3000 से अधिक लोग मारे गये। मैं आर.एस.एस. और भाजपा को यह श्रेय देना चाहता हूँ जिन्होंने उन मुश्किल दिनों में असहाय सिखों को बचाने का साहस दिखाया। यह कहने की ही बातें नहीं बल्कि, इस पुस्तक में देश के लगभग दो दर्जन दंगा पीडि.त सिख बन्धुओं के साक्षात्कार प्रकाशित किए गए हैं जिनकी जीवन रक्षा व सहायता हिन्दू समाज के लोगों व संघ के स्वयंसेवकों ने की। सिख धर्म के आरम्भ से ही हिन्दू-सिख समाज के बीच गर्भनाल का रिश्ता रहा है, जो नाल के कटने के बाद भी यथावत बना हुआ है। इतिहास में सभी तरह के सुख-दुःख, मान-अपमान और खुशी-गम के घटनाक्रम इस समाज ने मिलजुल कर देखे और सहे हैं। देश विभाजन की सर्वाधिक विभिषिका पंजाब व बंगाल ने ही सहन की और पंजाब में हिन्दू-सिख समाज ने मिल कर इन कष्टों को हण्डाया और बाघा से उस पार उजड़ कर आने के बाद एक साथ मिल कर परिस्थितियों से लड़े। इसी एकता का ही असर है कि पंजाब में चली आतंकवाद व अलगाववाद की आंधी के बावजूद हिन्दू-सिख समाज में कभी दरार देखने को नहीं मिली। बड़े से बड़े आतंकी हमलों के बावजूद पंजाब का साम्प्रदायिक सौहार्द बरकरार रहा और दोनों ने मिल कर आतंकवाद से लोहा लिया। सिख विरोधी दंगों के दौरान भी नाखून और मांस के इस रिश्ते को पूरी गम्भीरता से निभाया गया परन्तु दंगों की भयावहता की घटनाओं के बीच इन घटनाओं पर किसी का ध्यान नहीं जा पाया। अब न्यायपालिका का दायित्व बनता है कि पीड़ितों को न्याय व अपराधियों के लिए दण्ड सुनिश्चित किया जाए, जिसमें कि पहले ही बहुत देरी हो चुकी है। जब तक पीड़ितो के जख्मों पर पूरी तरह मरहम नहीं लगता तब तक इस बात की पूरी आशंका बनी रहेगी कि देशविरोधी व समाज कंटक शक्तियां समाज में पनपे आक्रोश का अनुचित लाभ उठा सकती हैं।

# महंगाई की मार, विपक्ष का वार, फसी सरकार

**नरेंद्र नाथ**

पूरे देश में अभी महंगाई एक बड़ा मुद्दा बनती दिख रही है। केंद्र में नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली एनडीए सरकार अपने कार्यकाल के सात साल के ऊपर के समय में पहली बार महंगाई के मोर्चे पर न सिर्फ विपक्षी दलों बल्कि आम लोगों के भी कड़े सवालों का सामना कर रही है। कोविड के कारण सुस्त हुए आर्थिक हालात के बीच महंगाई आम लोगों के लिए डबल झटके के रूप में सामने आई। पेट्रोल-डीजल-गैस के अलावा सरसों तेल और आम लोगों के सरोकार से जुड़ी दूसरी चीजें भी महंगी हुईं। कांग्रेस महंगाई के मुद्दे पर अगले महीने देशव्यापी आंदोलन शुरू करने वाली है। ऐसी चर्चा भी उठी कि सरकार पेट्रोल-डीजल पर टैक्स की कटौती कर आम लोगों को राहत दे सकती है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले केंद्र सरकार ने अब तक ऐसा करने के संकेत नहीं दिए।

हालांकि सरकार ने इतना जरूर कहा कि वह अगले कुछ दिनों में कीमत कम करने की दिशा में कदम उठा सकती है। दरअसल केंद्र सरकार महंगाई और कल्याणकारी योजनाओं के बीच कहीं संतुलन बनाने की कोशिश में है। मतलब महंगाई पर कुछ हद तक नियंत्रण भी रहे और दूसरी ओर सरकार के पास कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च करने के लिए पर्याप्त धन भी उपलब्ध रहे। लेकिन इस बार यह संतुलन साध पाना उतना आसान नहीं लगता। बढ़ती कीमतों के बाद भी अब तक इस मोर्चे पर सरकार का कोई बड़ा कदम न उठाना लोगों को परेशानी में डालने वाला है। मगर सरकार के सामने सिर्फ एक चुनौती नहीं है। ऐसे में सरकार ऐसे संतुलन की तलाश में है जिससे उसके सारे समीकरण दुरुस्त रहें। सरकार की प्राथमिकता कल्याणकारी योजनाएं भी हैं जिनकी बदौलत उसे अब तक बड़ा सियासी प्रीमियम मिलता रहा है। नरेंद्र मोदी



की अगुआई में बीजेपी इनमें भी किसी तरह की कटौती नहीं कर सकती है। ऐसी भी खबरें आईं कि सरकार किसान सम्मान निधि के लिए राशि बढ़ा सकती है। दरअसल 2019 आम चुनाव से ठीक पहले केंद्र सरकार ने किसान सम्मान निधि का ऐलान किया। इसके तहत सभी किसानों के खाते में हर साल 6000 रुपये देने का प्रावधान है। इस योजना पर सालाना 75 हजार करोड़ खर्च आता है। खबरों के मुताबिक आम चुनाव से पहले इस निधि की राशि बढ़ सकती है। इसके अलावा उज्ज्वला और आयुष्मान भारत जैसी योजना को भी केंद्र सरकार आम चुनाव से पहले आक्रामक रूप से लॉन्च कर सकती है। इसके लिए सरकार को पर्याप्त धनराशि की जरूरत होगी। कोविड के कारण लगभग डेढ़ साल सरकार की कमाई प्रभावित रही। सरकार का खजाना पहले से ही कोविड से निपटने में खाली हुआ।

इन हालात में सरकार के पास बेहद सीमित विकल्प हैं। वह मिडिल क्लास पर इनकम टैक्स या दूसरा बोझ नहीं डाल सकती है। उनके लिए भी महंगाई बड़ा मुद्दा है लेकिन इसे कम करने की एवज में सरकार उन पर दूसरा बोझ नहीं बढ़ा सकती है। ऐसे में केंद्र सरकार की सबसे बड़ी दुविधा यह है कि अगर वह दबाव में एक्साइज में कटौती करती है तो आगे उसे निवेश में कटौती करनी होगी जो कि चुनावी साल में जोखिम भरा होगा। और टैक्स में कमी नहीं करती है तो आम लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ेगा। हाल में आए तमाम ओपिनियन पोल में कहा गया कि महंगाई अब लोगों के बीच बड़ा मुद्दा बन रही है। सरकार की इस मुद्दे पर आलोचना भी हो रही है। इन सबके बीच बेरोजगारी का मसला भी सामने आ रहा है। इसे लेकर सरकार की दुविधा यह है कि अगर अभी राहत के उपाय उठा दें और कोविड की तीसरी लहर आ गई तो दांव उल्टा पड़ सकता है। पिछले कुछ दिनों विश्व के कई देशों में कोविड फिर पसरता दिख रहा है जिस कारण वहां लॉकडाउन जैसे कदम भी उठाने पड़े हैं। बहरहाल, सरकार उम्मीद कर रही है कि अगले कुछ महीने में विश्व में कच्चे माल की कीमत स्थिर होगी और कीमतें खुद नियंत्रण में आएंगी। लेकिन उसे पता है कि अगर लंबे समय तक कीमत बढ़ी रह गई तो उसके अपने सियासी नुकसान हैं। वहीं महंगाई को सियासत के केंद्र बिंदु में लाने के लिए विपक्ष को मौका ही मौका दिख रहा है। कांग्रेस ने 14 नवंबर से 29 नवंबर के बीच महंगाई के विरोध में पूरे देश में जन आंदोलन चलाने का फैसला कर लिया है।

संसद के शीतकालीन सत्र में भी महंगाई के मुद्दे पर विपक्षी दलों के सामने सरकार को घेरने का बड़ा मौका होगा। कांग्रेस के एक सीनियर नेता ने एनबीटी से कहा कि महंगाई और बेरोजगारी का मुद्दा विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने के लिए सबसे कॉमन मुद्दा बन सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय जब विपक्षी दल आपस में ही भिड़ रहे हैं, उन्हें किसान आंदोलन से प्रेरणा लेनी चाहिए जो तमाम मतभेद भुलाकर चुनावी जंग में सभी दलों को सरकार के खिलाफ एक होने का सियासी अवसर देते हैं। पिछले कुछ सालों से राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के मिश्रण से बने मुद्दे को बीजेपी ने ऐसा कवच बनाया है जिसे भेदने का नुस्खा विपक्ष अब तक तलाश नहीं पाया। बीजेपी ने इन मुद्दों को सामने रखकर पूरी राजनीति को ही बदल दिया। अब विपक्ष पूरी ताकत से मुद्दों को अपने पिच पर लाने की कोशिश कर रहा है। आर्थिक सुस्ती की खबरों के बीच विपक्ष बेरोजगारी, महंगाई और किसानों के मुद्दे को मुख्यधारा में लाने की कोशिश में है। लगातार बढ़ती कीमत ने उसे एक सियासी प्लेटफॉर्म दे दिया है। जाहिर है, अगले कुछ महीने इस मोर्चे पर सरकार का डैमेज कंट्रोल प्रयास और विपक्ष का वार देखने को मिलता रहेगा। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम इस दिशा में एक संकेत भी देंगे कि आम लोग किस के पक्ष को सही मान रहे हैं। दरअसल मोदी सरकार को अपने पहले टर्म में आर्थिक मामलों पर खासकर महंगाई के मोर्चे पर अधिक सवालों का सामना नहीं करना पड़ा था। हालांकि नोटबंदी से इकॉनमी जरूर प्रभावित हुई लेकिन लोगों ने तब उसे पीएम नरेंद्र मोदी का बोल्ड प्रयोग मानकर उन्हें पूरे अंक दिए। लेकिन इस बार यहां भी हालात जुदा है और विपक्ष इसे भुनाने की कोशिश करेगा।

# तिहाड़ जेल को वापस कैसे मिले खोया सम्मान, एससी की टिप्पणी के बाद अंदरूनी व्यवस्था दुरुस्त करने की कवायद हुई तेज

**मनीष अग्रवाल**

तिहाड़ जेल अथॉरिटी अपना विश्वास खो चुकी है। जांच पूरी होने तक चंद्रा बंधुओं को अनुचित सहयोग पहुंचाने वाले जेल अधिकारियों को सस्पेंड रहना होगा। इस तरह की टिप्पणियां और आदेश यूनिटेक के प्रमोटर्स चंद्रा बंधु मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिए। गृह मंत्रालय से भी जेल मैनेजमेंट को मजबूत करने वाले उपायों के बारे में सुझाव देने को कहा गया है। अब तिहाड़ जेल अथॉरिटी के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर जेल के सिस्टम को कैसे और बेहतर बनाया जाए। इसका दूसरा पहलू जेल स्टाफ की इस जिज्ञासा के रूप में सामने आ रहा है कि आखिर इतनी बड़ी गड़बड़ी या चूक हुई कहां है, जो उन्हें ऐसी सजा मिल रही है। उनका आग्रह यह भी है कि जेल स्टाफ की समस्याओं और चुनौतियों के बारे में भी तो कोई जानने का प्रयास करे। मुझे तिहाड़ जेल कवर करते हुए 15 साल से अधिक वक्त हो चुका है। इस दौरान किसी एक मामले को लेकर कभी सुप्रीम कोर्ट इतना सख्त हुआ हो, ऐसा देखने में नहीं आया। बहरहाल, तिहाड़ जेल के सुधार की बात की जाए तो सबसे पहले यहां की चुनौतियों को देखना होगा। 5200 की क्षमता वाली तिहाड़ जेल में 12 हजार से अधिक कैदी हैं।

गैंगस्टर और जघन्य अपराध में जेल आए मुलजिमों की संख्या भी अच्छी-खासी है। इस हिसाब से कैदियों को रखने की जगह और स्टाफ में बढ़ोतरी नहीं हुई है। वैसे जेल की व्यवस्था में सुधार को लेकर कई तरह के सुझाव भी सामने आ रहे हैं। कुछ प्रमुख सुझावों पर यहां विचार किया जा सकता है। अभी तक जेल में जो सुपरिंटेंडेंट बनाए जाते हैं, वे आमतौर पर दिल्ली सरकार में सिविल डिपार्टमेंट संभालने वाले होते हैं। जिन अफसरों का अपराध और अपराधियों से कभी पाला नहीं पड़ा, उन्हें एक ही झटके में मुलजिमों के समंदर में उतार दिया जाता है। जाहिर है इन अफसरों को इस बात का तजुर्बा नहीं होता कि जेल में बंद गैंगस्टर और अन्य खतरनाक मुलजिमों से कैसे पेश आया जाए, शांति के साथ जेल चलाने के लिए किस तरह की रणनीति अपनाई जाए ताकि कैदी जेलों के अंदर से किसी को धमका ना सकें, किसी के ऊपर जानलेवा हमले न कर सकें, मोबाइल फोन न चला सकें, ड्रग्स वगैरह ना बेच सकें और जेल के अंदर से अपना साम्राज्य न चला सकें। जाहिर है, जेल सुपरिटेंडेंट के पद पर पुलिस अफसरों को प्राथमिकता देने पर विचार किया जा सकता है। दिल्ली से बाहर अन्य राज्यों के पुलिस अफसर भी यहां सुपरिटेंडेंट बनाए जा सकते हैं। सीआईएसएफ, सीआरपीएफ या बीएसएफ के अफसरों को भी डेपुटेशन पर लाया जा सकता है, जो यहां के जातिवाद और क्षेत्रवाद जैसे आग्रहों से भी मुक्त होंगे।

इसके अलावा जेल अफसरों की इस मामले में होने वाली उपेक्षा पर भी ध्यान देना होगा। पिछले कुछ सालों से तिहाड़ में भी जेल कैडर के ऐसे अफसरों को जेल सुपरिटेंडेंट के तौर पर अवसर नहीं मिल पा रहा, जो सालों के तजुर्बे के बलबूते अच्छे से जेल चलाने का माद्दा रखते हैं। जब उनके सिर पर बाहर से लाकर किसी सुपरिटेंडेंट को बैठा दिया जाता है तो वे ऊपर से भले 'यस सर' की मुद्रा बनाए रखते हों, वास्तव में अपेक्षित सहयोग नहीं करते। ऐसे में जेलों में खींचतान चलती रहती है। इसका इलाज यही है कि जेल कैडर के काबिल अफसरों को अवसर देने पर खास ध्यान दिया जाए। इससे जेलों में टीम वर्क अच्छा होगा। इसके साथ ही तिहाड़ जेल का कुछ राज्यों की जेलों के साथ टाइअप किया जा सकता है, जिससे स्टाफ को इस बात का डर रहे कि कुछ गड़बड़ होने पर उसका दिल्ली से दूर भी ट्रांसफर हो सकता है। यहां एक सवाल यह उठता है कि अगर तिहाड़ जेल की सारी कमान पुलिस अफसरों के हवाले कर दी गई तो कहीं आने वाले समय में कैदियों के सुधार की प्रक्रिया न बाधित हो जाए, उनके अधिकारों पर उलटा असर न पड़े। इसके लिए यह व्यवस्था की जा सकती है कि जो भी नए जज बनते हैं, उनकी जेलों को लेकर ट्रेनिंग कराई जाए। ट्रेनिंग का यह समय 15 दिन से एक महीने का हो सकता है या जुडिशरी पर छोड़ा जा सकता है कि वह अपनी तरफ से कोई उपयुक्त अवधि तय कर दे। इसका फायदा यह होगा कि शुरू से ही न्यायिक अधिकारी जेलों के अंदर होने वाली गड़बडि.यों और जेल चलाने में आने वाली चुनौतियों के बारे में जमीनी हकीकत से रूबरू हो सकेंगे। दूसरा, न्यायिक अधिकारियों की जेलों में ट्रेनिंग से जेलों में 'पुलिस राज' कायम नहीं हो सकेगा। जेलों में विजिटिंग जजों की विजिट भी बढ़ाई जानी चाहिए। ये विजिटिंग जज कैदियों से मिलकर उनकी समस्याओं को तो जानेंगे ही जेल अफसरों की चुनौतियों और मुश्किलों को भी समझेंगे। विजिटिंग जज और जेल सुपरिटेंडेंट की सीलबंद रिपोर्ट हर तीन महीने में संबंधित सरकारों और कोर्ट के पास भेजी जानी चाहिए। इससे जेलों की हकीकत के बारे में पता लगता रहेगा।

यूनिटेक के प्रमोटर्स चंद्रा बंधु मामले में तिहाड़ जेल के 30 कर्मचारी सस्पेंड, दो टर्मिनेट गौर करने की बात बात है कि तिहाड़ जेल में बंद अधिकतर मुलजिम दिल्ली और आसपास के राज्यों से ही होते हैं। ऐसे में तिहाड़ जेल में अखिल भारतीय भर्ती की व्यवस्था पर भी विचार होना चाहिए ताकि कैदी जेल स्टाफ के लोकल होने की वजह से उससे 'दोस्ती' करने की कोशिश में कामयाब ना हो सकें। इसी मकसद से तिहाड़ में तमिलनाडु स्पेशल पुलिस को लाया गया था। इसके फायदे भी हुए हैं। इसके अलावा तिहाड़ की नौ जेलों, मंडोली की छह जेलों और रोहिणी की जेलों में आपस में प्रतियोगिता कराई जानी चाहिए कि कौन सी जेल किन मामलों में अच्छी रही। जेल में अलग से एक स्पेशल विजिलेंस टीम बनानी होगी, जिसकी विश्वसनीयता पर शक ना किया जा सके। जेलों में इंटरनल मुखबिरी सिस्टम को और दुरुस्त करना होगा। पुलिस की तरह बीट सिस्टम लागू की जा सकती है ताकि कोई भी मामला सामने आए तो इसकी जवाबदेही तय की जा सके।

# कौन हैं 'कॉमन मैन' को केंद्र में लाने वाले कार्टूनिस्ट आरके लक्ष्मण

**जाहिद खान**

साल 2021, आम आदमी के दुख-दर्द और परेशानियों को अपने कार्टूनों के मार्फत आवाज देने वाले रासीपुरम कृष्णस्वामी लक्ष्मण यानी आरके लक्ष्मण का जन्मशती साल है। वे आम आदमी की मुखर आवाज थे। उन्होंने अपने कार्टूनों के जरिए न सिर्फ आम आदमी के रोजमर्रा की मुश्किल भरी जिंदगी, समस्याओं को देश के सामने रखा, बल्कि सियासी-समाजी मसलों पर उनकी कभी मासूम, तो कभी तीखी टिप्पणी सियासतदानों को सोचने पर मजबूर करती थी। राजनीतिक मामलों पर बनाए गए उनके कार्टून लोगों को खासतौर पर आकर्षित करते थे। लक्ष्मण ने अपने कार्टूनों में देश के सियासतदानों की जमकर खबर ली और उन पर तंज कसने के लिए आम आदमी के नजरिए से सोचा। यही उनके कार्टूनों की असल ताकत थी। आरके लक्ष्मण के कॉमिक किरदार 'कॉमन मैन' ने देश की कई पीढ़ियों को मुतास्सिर किया। साधारण से दिखने वाले उनके कार्टून चरित्र में एक अलग ही नैतिक ताकत थी, जो ताकतवरों को भी अपने आगे झुका देती थी। आरके लक्ष्मण के कार्टूनों को गौर से देखें, तो उनमें हमेशा एक फलसफा, एक विचार मिलता है, जो लोगों को सोचने पर मजबूर करता है।एक मैग्जीन के पहले पन्ने पर आरके लक्ष्मण के 'यू सेड इट' यानी 'आपने कहा' कैप्शन वाले पॉकेट कार्टून का सुहाना सफर बीसवीं सदी के पचास के दशक में शुरू हुआ। यह सिलसिला पूरे छह दशक तक चला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल को यदि छोड़ दें, तो उन्होंने देश के सारे प्रधानमंत्री - पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक- का जमाना देखा और उस दौर को बड़ी जिम्मेदारी से अपने कार्टूनों में चित्रित किया। अपने कार्टूनों में वह सत्ता और समाज की गड़बड़ियों, राजनीतिक विचारधाराओं की विषमता को निशाना बनाने में कभी नरमी नहीं बरतते थे। वह अक्सर कहा करते थे, नेता भले ही देश के लिए बुरे हो सकते हैं, लेकिन उनके पेशे के लिए वे काफी अच्छे रहे हैं। राजनेता भी उनके व्यंग्य और कटाक्ष का कभी बुरा नहीं मानते थे। दिलचस्प है कि आरके लक्ष्मण राजनीतिज्ञों में भी उतने ही लोकप्रिय थे, जितने कि अपने पाठकों में। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भी उनके कार्टून और बेमिसाल सलाहियत के प्रशंसक थे। लक्ष्मण ही थे जिन्होंने नेहरू के बिना टोपी के कई कैरिकेचर बनाए। जब इस बारे में नेहरू ने उनसे सवाल पूछा, तो लक्ष्मण की कैफियत थी, 'आप बिना टोपी के ज्यादा अच्छे लगते हैं।' देश में इमरजेंसी का दौर आया, तो प्रेस पर कई तरह की सेंसरशिप लग गई। आरके लक्ष्मण मीडिया की आजादी को लेकर काफी संवेदनशील थे। वह इस संबंध में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से मिले और उन्होंने श्रीमती गांधी को आगाह किया कि वह गलत कर रही हैं। देश में लक्ष्मण ही एक अदद ऐसे कार्टूनिस्ट थे, जिनके कार्टून इमरजेंसी के दौरान भी लगातार प्रकाशित होते रहे। उनके कार्टूनों पर पाबंदी लगाने की कभी किसी ने हिम्मत नहीं की। आरके लक्ष्मण अपने कार्टून में एक ऐसी शख्सियत को गढ़ना चाहते थे, जिसमें किसी खास मजहब, जाति, नस्ल और वर्ग का अक्स न दिखाई पड़े। वह पूरे देश के आम नागरिकों की नुमाइंदगी करे। बहरहाल, इस किरदार ने जो शक्ल अख्तियार की, उसका खाका कुछ इस तरह से है- धोती, चेक वाला बंद गले का कोट, पांव में सस्ते जूते और गांधी चश्मा। यह कॉमन मैन, आगे चलकर पूरे देश में किसी जीती-जागती हस्ती की तरह मशहूर हुआ। गरज कि यह गंजा कॉमन मैन देश के किसी भी हिस्से में रहने वाले मामूली आदमी की नुमाइंदगी करता था। सिस्टम के खिलाफ कॉमन मैन का प्रतिरोध उसे सच्चा लगता। आम आदमी को लगता यही तो वह बात है, जो वह कहना चाहता है। अपने बेजोड़ हास्य-व्यंग्य और सामाजिक, राजनीतिक रूप से प्रासंगिक संदेशों के जरिए उन्होंने लाखों देशवासियों की जिंदगी को छुआ। उनके दुख-दर्द को बांटा। विपरीत परिस्थितियों में भी किस तरह से मुस्कुराया जा सकता है, उन्होंने यह अपने पाठकों को सिखाया। आज भले ही कार्टूनिस्ट आरके लक्ष्मण हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके कार्टून और कार्टून किरदार 'कॉमन मैन' देशवासियों के दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे।

# सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए रचना होगा टीम इंडिया को इतिहास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 विश्व कप 2021 में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाना वाला मुकाबला बेहद अहम हो चला है। 31 अक्टूबर की रात इस मैच में जिस भी टीम के हाथ हार लगी समझिए टूर्नामेंट में उसका सफर लगभग समाप्त हो जाएगा। दोनों टीमों ने अपने पहले मैच में हार का सामना किया है। भारत को पाकिस्तान के हाथों 10 विकेट से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी, तो न्यूजीलैंड का भी काम खराब बाबर आजम की टीम ने ही किया था। सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए टीम इंडिया को हर हाल में कीवी टीम को हराना होगा, लेकिन इसके लिए विराट कोहली एंड कंपनी को इतिहास बदलना होगा ठीक वैसे ही जैसे पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ बदला।



टी-20 विश्व कप की हिस्ट्री में टीम इंडिया ने आजतक न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत हासिल नहीं की है। दोनों टीमों का आमना-सामना अबतक दो दफा हो चुका है, पर दोनों ही बार बाजी कीवी टीम के हाथ लगी है। पहली भिड़ंत हुई थी साल 2007 के टी-20 विश्व कप में जहां न्यूजीलैंड ने भारत को 10 रन से हराया था। न्यूजीलैंड इकलौती टीम थी जिसने टूर्नामेंट में भारत को हार का स्वाद चखाया था। इसके बाद दोनों टीमों साल 2016 टी-20 विश्व कप में एक दूसरे के खिलाफ मैदान पर उतरीं और इधर भी कीवी टीम ने एकतरफा अंदाज में भारत को 47 रनों से पीटा था। यानी टी-20 विश्व कप के रिकॉर्ड पर गौर करें तो विलियमसन की टीम का पलड़ा भारी नजर आ रहा है और अगर विराट को सेमीफाइनल का टिकट चाहिए तो दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में 31 अक्टूबर को इतिहास बदलना होगा।

सिर्फ टी-20 विश्व कप ही नहीं, बल्कि आईसीसी इवेंट्स के हर मैच में न्यूजीलैंड भारत पर हावी रही है। टीम इंडिया ने कीवी टीम को आईसीसी टूर्नमेंट में आखिरी बार साल 2003 में हराया था और उसके बाद से न्यूजीलैंड ने भारत के चैंपियन बनने के सपने को कई बार तोड़ा है। 2019 विश्व कप के सेमीफाइनल में कोहली की सेना को पटखनी देने वाली टीम कोई और नहीं यही न्यूजीलैंड ही थी। आईसीसी वर्ल्ड कप टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी इसी साल विलियमसन ने कोहली का विराट सपना तोड़ा था।

## ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने बताया, शाहीन अफरीदी के सामने क्यों ढेर हुए भारतीय खिलाड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2021 में अपने पहले मुकाबले में टीम इंडिया को पाकिस्तान के हाथों 10 विकेट से करारी हार मिली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज और टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के बल्लेबाजी सलाहकार मैथ्यू हेडन ने बताया कि भारत का टॉप ऑर्डर पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी का सामना क्यों नहीं कर पाया। उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाड़ी आईपीएल में 130 किमी प्रति घंटे की गेंदों का सामना कर रहे थे। वहीं पाकिस्तान के तेज गेंदबाज काफी तेजी से गेंदबाजी कर रहे थे। शाहीन अफरीदी ने अपने पहले दो ओवरों में सलामी बल्लेबाजों रोहित शर्मा और केएल राहुल को आउट किया। हेडन ने फॉक्स क्रिकेट से कहा,' पिछले महीने आईपीएल के दौरान भारतीय बल्लेबाज 130 किमी प्रति घंटें की गेंदों का सामना कर रहे थे।' शाहीन की तारीफ करते हुए हेडन ने आगे कहा कि पिछले पांच सप्ताह में देखी गई वो मेरी बेहतरीन दो गेंदें में शामिल थी।



## विराट कोहली के धमाकेदार शॉट्स के मुरीद हुए इशान किशन और श्रेयस अय्यर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप में भारत अपना दूसरा मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ दुबई में 31 अक्टूबर को खेलेगी। भारत और न्यूजीलैंड को पाकिस्तान के साथ मैच में हार मिली है। दोनों टीमों के लिए मैच करो या मरो जैसा है। टीम इंडिया हर हाल में ये मुकाबला जीतना चाहेगी ताकि सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावनाएं बढ़ें। टीम इंडिया ने इस मैच के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। आईसीसी ने एक वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में टीम के कप्तान विराट कोहली नेट में बैटिंग प्रैक्टिस करते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में नजर आ रहा है कि इशान किशन और श्रेयस अय्यर विराट के शॉट की तारीफ कर रहे हैं। विराट इस वीडियो में दमदार शाट खेलते हुए दिख रहे हैं।विराट के शॉट पर इशान किशन वाह कोहली भाई, वाह कोहली भाई कहते हुए देखे जा सकते हैं। प्रैक्टिस के दौरान कोहली ने जब एक गेंद को सीधा उठाकर मारा तो ईशान किशन ने कहा ,'कोहली भाई शॉट यार।' अय्यर भी इशान के साथ कोहली की तारीफ कर रहे हैं।गौरतलब है कि कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में 57 रनों का पारी खेली थी। टीम इंडिया के दोनों ओपनरों के पवेलियन लौटने के बाद कोहली ने ये पारी खेली थी। उनके अलावा इस मैच में और बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाए थे।

# नस्लवाद के खिलाफ घुटने पर बैठने को तैयार हुए क्विंटन डिकॉक, अपने बर्ताव के लिए मांगी माफी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ब्लैक लाइव्स मैटर को सपोर्ट करने के लिए घुटने पर बैठने को तैयार हो गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ किए गए अपने बर्ताव के लिए साथी खिलाड़ियों और फैन्स से माफी भी मांगी है। डिकॉक ने टी-20 विश्व कप 2021 में कैरेबियाई टीम के खिलाफ घुटने पर बैठकर नस्लवाद का सपोर्ट करने से इनकार कर दिया था और उस मैच में टीम का हिस्सा नहीं रहे थे। जिसके बाद माना जा रहा था कि क्रिकेट साउथ अफ्रीका उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई कर सकता है। डिकॉक ने एक बयान जारी करते हुए कहा, 'मैं अपने साथी खिलाड़ियों और फैन्स को सबसे



पहले सॉरी कहते हुए शुरुआत करना चाहता हूं। मैं इसको कभी भी क्विंटन इशू नहीं बनाना चाहता था। मैं नस्लवाद के खिलाफ खड़े होने की अहमियत जानता हूं और यह भी समझता हूं कि एक खिलाड़ी होने के नाते उदाहरण सेट करना हमारी जिम्मेदारी है। अगर मेरे घुटने पर बैठने से लोग जागरूक होते हैं और उनकी जिंदगी बेहतर होती है तो मैं इसको खुशी-खुशी करने के लिए तैयार हूं।' गौरतलब है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच से एक दिन पहले क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने एक बयान जारी करते हुए कहा था, 'हम सर्वसम्मति से एक निर्देश जारी करने पर सहमत हुए हैं, जो मैच शुरू होने से पहले मैदान पर रंगभेद के खिलाफ सभी खिलाड़ियों के घुटने टेकने से संबंधित है। पहले कहा गया था कि डिकॉक ने निजी कारणों के चलते मैच से अपना नाम वापस लिया है, लेकिन बाद में सीएसए ने बयान जारी करते हुए डिकॉक के फैसले के बार में जानकारी दी थी। हालांकि, साउथ अफ्रीका टीम के कप्तान टेबा बावुमा ने डिकॉक के फैसले का सम्मान करने की अपील की थी। उन्होंने कहा था, 'एक टीम के रूप में हम इस खबर से हैरान और स्तब्ध हैं। क्विंटन टीम के लिए एक बड़ा खिलाड़ी है, न केवल बल्ले से, बल्कि एक वरिष्ठ खिलाड़ी होने के दृष्टिकोण से भी वह टीम के लिए काफी अहम है। यह जाहिर तौर पर कुछ ऐसा है जिसकी मैं उम्मीद नहीं कर रहा था।'

# पाकिस्तान के कोच सकलैन मुश्ताक ने बताया, भारत-पाक के बीच क्यों होना चाहिए फाइनल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के कोच सकलैन मुश्ताक ने गुरुवार को कहा कि उनकी टीम अगर टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत से भिड़ेगी तो यह शानदार होगा। उन्होंने मौजूदा टूर्नामेंट के ग्रुप चरण के पहले मुकाबले में भाईचारे का संदेश देने के लिए दोनों टीमों की सराहना की। पाकिस्तान ने रविवार को भारत को 10 विकेट से हराया और सकलैन ने अनुसार दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अपने खेल आचरण के साथ मानवता का ठोस संदेश दिया। यह पूछने पर कि क्या वह इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में अपने पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक और मुकाबला खेलना चाहते हैं तो सकलैन ने कहा, 'अगर भारत फाइनल में जगह बनाता है, तो यह शानदार होगा क्योंकि मेरा मानना



है कि उनकी टीम मजबूत है और सभी उन्हें प्रबल दावेदार मानते हैं, मैं ऐसा इसलिए नहीं कह रहा कि हमने उन्हें हराया है।

उन्होंने कहा, 'दो मैच खेलेंगे तो रिश्ते और अच्छे हो जाएंगे। पिछले मैच में जिस तरह विराट कोहली, महेंद्र सिंह धोनी और यहां तक कि हमारे खिलाड़ियों ने आचरण किया, उससे ठोस संदेश जाता है कि हम सभी इंसान हैं, हम सभी एक दूसरे से प्यार करते हैं, यह सिर्फ एक मैच था। संदेश देने के लिए खिलाड़ियों को श्रेय जाता है। दोस्ती की जीत हो, दुश्मनी की हार हो।' सकलैन से यह सवाल शुक्रवार को यहां अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पूछा गया।

## सुनील गावस्कर ने दी टीम इंडिया को सलाह, न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले में करें 2 बदलाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2021 में अपने शुरुआती मुकाबले में टीम इंडिया को पाकिस्तान के हाथों 10 विकेट से करारी हार मिली। सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए भारत को 31 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले मैच में जीत दर्ज करनी होगी। इस महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टीम इंडिया को अहम सलाह दी है। उनका सुझाव है कि दुबई में होने वाले इस मुकाबले में टीम इंडिया अपनी प्लेइंग इलेवन में कुछ बदलाव कर सकती है। गावस्कर को लगता है कि हालांकि भारत को कोई बदलाव करने की जरूरत नहीं है। लेकिन दो स्थानों पर गौर किया जा सकता है। ये दो पोजीशन हार्दिक पांड्या और भुवनेश्वर कुमार की हैं। गावस्कर ने इसके साथ ही आगाह किया कि इससे न्यूजीलैंड को लग सकता है कि भारत घबरा रहा है। उन्होंने स्पोर्ट्स तक से बातचीत में कहा,'अगर हार्दिक पांड्या गेंदबाजी नहीं कर कर रहे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में उन्हें कंधे की चोट लगी। इशान किशन शानदार फॉर्म में हैं इसलिए मैं निश्चित रूप से उन्हें पांड्या से आगे मानूंगा। और शायद आप भुवनेश्वर कुमार के स्थान पर शार्दुल ठाकुर के बारे में सोच सकते हैं। लेकिन इसके अलावा आप अधिक बदलाव करते हैं तो आप विपक्षी टीम को दिखाएंगे कि आप घबरा रहे हैं।हार्दिक पांड्या ने पाकिस्तान के खिलाफ गेंदबाजी नहीं की। लेकिव बुधवार को उन्होंने नेट में गेंदबाजी की। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में उनके वापसी करने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि यदि आप एक अच्छी टीम से मैच हार गए हैं तो इसका मतलब ये नहीं है कि आगे जाकर भारत मैच नहीं जीतेगा या टूर्नामेंट नहीं जीतेगा। यदि आप अगले चार मैच जीतते हैं तो सेमीफाइनल में पहुंच सकते हैं और वहां से फाइनल में भी।

# फाइनेंस कंपनी में घुसे लुटेरे, मैनेजर की सक्रियता से फंसे



**अखंड भारत संदेश**

**औराई।** थाना क्षेत्र के महाराजगंज बाजार में स्थित एक निजी फाइनेंस कंपनी के दफ्तर में लूट की कोशिश की गई। दो हथियार बंद बदमाशों के घुसने की जानकारी होते ही हडकंप मच गया। हालांकि मैनेजर ने सक्रियता दिखाते हुए 112 डायल कर फोन को मेज पर रख दिया। और, जीएम के दफ्तर में हो रही सारी जानकारी पुलिस के पास पहुंचती रही। माजरा समझ में आते ही पुलिस ने लोकेशन ट्रेस की और मौके पर पहुंचकर दोनों को गिरफ्तार किया।जानकारी के मुताबिक महाराजगंज बाजार निवासी ओम प्रकाश तिवारी के मकान में एक फाइनेंस कंपनी का दफ्तर चलता है। आज पूर्वाह्न साढ़ेदस बजे दो बदमाश हथियार लेकर अंदर घुस गए। बैंक में घुसते ही दोनों बदमाशों ने असलहा सटाकर कैशियर से चालीस हजार रुपये छीन लिया। कैशियर को लूटने के बाद दोनों बदमाश तुरंत अंदर बैठे जीएम के पास गए और कनपटी पर पिस्टल सटाकरकैश बॉक्स की चाबी मांगने लगे।बताया जाता है कि इसी दौरान मौका मिलते ही कैशियरध्ब्रांच मैनेजर ने सजगता दिखाते हुए अपने मोबाइल से 112 नंबर पर डायल कर फोन मेज पर रख दिया। इसी दौरान मौका देख कैशियर बाहर की तरफ भागा और गेट को बाहर से बंद कर मकान मालिक को जानकारी दी। सूचना फैलते ही बाहर भीड़ जमा हो गई। इतनी ही देर में मुकामी पुलिस मौके पर पहुंच गई। औराई थाना प्रभारी सदानंद सिंह मय पुलिस बल मौके पर पहुंच गए और बैंक के अंदर से दोनों बदमाशों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक औराई सदानंद सिंह ने इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक भी वारदात स्थल पर पहुंचे और वारदात का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बदमाश एकदम पेशवर अंदाज में बैंक के अंदर घुसे थे, लेकिन लूट की वारदात से पहले ही पकड़े गए।

# केएल राहुल और रोहित शर्मा की जोड़ी लगाएगी न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम की नैया पार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 विश्व कप 2021 में टीम इंडिया मुसीबत में फंसती दिखाई दे रही है। पाकिस्तान के खिलाफ मिली 10 विकेट की हार ने विराट कोहली की सेना का पूरा काम खराब कर दिया है। 31 अक्टूबर की रात टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैदान पर उतरना है और इस करो या मरो वाले मुकाबले में भारत को हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मैच में अगर जीत फिसली तो समझिए हाथ से टी-20 विश्व कप का खिताब भी निकल जाएगा। टीम की नैया को पार लगाने की जिम्मेदारी होगी केएल राहुल, रोहित शर्मा और कप्तान विराट कोहली के कंधों पर। राहुल और हिटमैन का रिकॉर्ड कीवी टीम के खिलाफ कमाल का रहा है और आंकड़ों के मुताबिक ही इन दोनों का बल्ला चला तो समझ लीजिए सेमीफाइनल का टिकट पक्का हो सकता है। केएल राहुल ने न्यूजीलैंड



के खिलाफ अबतक 5 टी-20 मैच खेले हैं और इस दौरान उनके बल्ले से 144.51 के स्ट्राइक रेट से 224 रन निकले हैं। उनका औसत भी 56 का रहा है, जबकि भारतीय ओपनर ने दो अर्धशतक भी जमाए हैं। रोहित का भी रिकॉर्ड कीवी टीम के खिलाफ अच्छा रहा है। हिटमैन ने अबतक खेले 13 मुकाबलों में 137.95 के स्ट्राइक रेट से 388 रन बटोरे हैं। पिछले साल न्यूजीलैंड की धरती पर इन दोनों बल्लेबाजों ने जमकर धमाल मचाया था और फटाफट क्रिकेट की सीरज में टीम इंडिया को 5-0 से जीत दिलाई थी। रोहित ने 4 मैचों में तब 150 के स्ट्राइक रेट से 140 रन कूटे थे। हालांकि, टी-20 विश्व कप में टीम इंडिया को आजतक न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत नसीब नहीं हो सकी है। दोनों टीमों के बीच पहली बार भिड़ंत हुई थी साल 2007 के टी-20 विश्व कप में जहां न्यूजीलैंड ने भारत को 10 रन से हराया था।

# उद्यामियों की समस्याओं का त्वरितगति से होगा निस्तारण : डीएम

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुइ उद्योग बंधु की समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बंधु समिति की समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं का तत्परता से समाधान करने के निर्देश दिए। कहा कि उद्यमियों की समस्याओं के त्रित निस्तारण से उद्योगों को बढ़ावा तथा बेरोजगार युवकों को रोजगार मिल सकेगा।

बैठक में जिलाधिकारी ने बिंदुवार एजेंडा की समीक्षा करते हुए भदोही, औराई मार्ग के चौड़ीकरण व संदरीकरण के संबंध



में एनएच डिवीजन वालों को बुलाने का निर्देश दिया। इंदिरा मिल पुल के नीचे सर्विस रोड अत्यन्त ही खराब होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता चूक को कराए गए रास्ते के कार्य का स्थलीय सत्यापन करने का निर्देश दिया है।

रेवड़ा परसपुर मार्ग अत्यन्त ही खराब होने की शिकायत करने पर जिलाधिकारी महोदया ने चूक के अधिकारी को निर्देश दिया कि 30 नवंबर तक कार्य को हर हाल में पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान अधिशासी अधिकारी विद्युत को निर्देश दिया कि रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति करना सुनिश्चित कराए। जिलाधिकारी द्वारा उद्यमी एसोसिएशन की हर समस्या के समाधान हेतु आश्वस्त करते हुए कहा कि उद्यमियों की समस्याओं के समाधान हेतु वह हमेशा तत्पर एवं सजग हैं। उन्होंने कहा कि आपकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर जिला स्तर पर संबंधित विभागों द्वारा किया जायेगा तथा उद्यमियों की जो भी समस्या है।

उनका गम्भीरता से विचार करते हुए समस्या का समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उद्यमी अपनी समस्या सर्वप्रथम विभागीय अधिकारी के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करें, ताकि यदि कोई छोटी-मोटी शिकायत है तो उसका निस्तारण वहीं सम्भव हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि विभागीय अधिकारी के माध्यम से उसका निस्तारण सम्भव नहीं है तो उसे उच्च स्तर पर संज्ञान में लाया जाए और यदि आवश्यकता पड़ी तो राज्य उद्योग बन्धु की बैठक में भी आपके प्रकरण को रखा जाएगा।

## सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान

**भदोही।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एकता दिवस समारोह का प्रारंभ किया गया। समारोह का प्रारंभ प्राचार्य प्रो डॉ मुरलीधर राम ने किया। उन्होंने छात्रों को सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए बताया कि सरदार पटेल का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान रहा। जो हम भारत के वर्तमान स्वरूप को देख रहे हैं उसके रचयिता भी वही हैं। उन्हीं के अविस्मरणीय योगदान के कारण स्वतंत्रता के समय के सभी राजाओं ने भारत देश में शामिल होना स्वीकार किया।

# घरेलू उद्योग को बढ़ावा देने के लिए किया गया है दीपावली मेले का आयोजन : विधायक

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** नगर के मर्यादपट्टी स्थित श्रीराम लीला मैदान में गुरुवार को दीपावली मेला एवं स्वनिधी महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसक उद्घाटन सांसद रमेश चंद बिंद को करना था। वे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे।

लेकिन किन्ही कारणों से वे नहीं आ सके तो विशिष्ट अतिथि विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र मौजूद रहे। प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घरेलू उद्योग और हस्तनिर्मित

नगर के मर्यादपट्टी स्थित श्रीराम लीला मैदान में लगे मेले का मुख्य अतिथि विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी ने किया उद्घाटन



उत्पाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 28 अक्टूबर से 4 नवंबर तक दीपावली मेले के आयोजन का फैसला लिया गया था। इसके लिए उनके द्वारा निर्देश दिए गए थे। नगर पालिका परिषद द्वारा सजाए गए दीपावली मेले में पटरी दुकानदारों द्वारा खाने-पीने की दुकान लगाई गई। मेले में कुछ विभागों द्वारा शासन की योजनाओं और उपलब्धियों से संबंधित स्टॉल लगाएं गए।

# आसियान की एकता भारत के लिए प्राथमिकता रही है : पीएम मोदी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों के संगठन आसियान (एएसईएएन) की एकता और केन्द्रीयता भारत के लिए हमेशा प्राथमिकता रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल माध्यम से आयोजित भारत-आसियान शिखर सम्मेलन में कहा कि भारत की हिंद-प्रशांत महासागर पहल (आईपीओआई) और हिंद प्रशांत के लिए आसियान का दृष्टिकोण इस क्षेत्र में उनके साझे नजरिए एवं आपसी सहयोग की रूपरेखा हैं।उन्होंने कहा कि 2022 में भारत और आसियान की साझेदारी को 30 वर्ष पूरे हो जाएंगे और इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को 'आसियान-भारत मित्रता वर्ष' के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कोविड-19 के प्रकोप के बीच आपसी सहयोग भारत और आसियान के संबंधों को भविष्य में मजबूत करता रहेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और आसियान के बीच गहरे ऐतिहासिक संबंध हैं जो हमारे साझा मूल्यों, संस्कृति, परंपराओं, भाषा और खान पान संबंधी आदतों में झलकते हैं।आसियान की एकता और केंद्रीय नीति हमेशा भारत के लिए एक महत्वपूर्ण रही है।

## सियासी नब्ज टटोलने यूपी आ रहे हैं अमित शाह, भाजपा ने 30 लाख कार्यकर्ताओं को भेजा दिवाली का उपहार

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने खुद को बूथ स्तर तक मजबूत करने की कोशिशें तेज कर दी हैं और तीस लाख बूथ कार्यकर्ताओं को दीपावली के उपहार भेजा है। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने बूथ प्रबंधन पर जोर दिया था और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के घर जाकर, भोजन करके एक परिवारिक माहौल बनाने की कोशिश की थी। शाह ने प्रदेश के हर क्षेत्र में बूथ स्तर के सम्मेलनों को भी संबोधित किया। उसी क्रम में पार्टी ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को दीपावली का उपहार भेजा है।

## आर्यन खान को जमानत और वानखेड़े की गिरफ्तारी की आशंका के बीच बोले नवाब मलिक, पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त



**मुंबई (एजेंसी)।** क्रूज ड्रग्स केस को लेकर गुरुवार का दिन काफी अहम रहा। एक तरफ जहां शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को हाई कोर्ट से जमानत मिल गई तो दूसरी तरफ इस केस की जांच कर रहे नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो अधिकारी समीर वानखेड़े ने गिरफ्तारी की आशंका में हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। वानखेड़े को लगातार निशाने पर रखने वाले महाराष्ट्र सरकार के मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता नवाब मलिक ने शाहरुख खान की फिल्म का मशहूर डायलॉग ट्वीट किया है। मलिक ने ट्वीट किया है, ''पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त।'' नवाब मलिक ने मीडिया से बातचीत में वानखेड़े पर तंज कसते हुए यह भी कहा कि जेल भेजने वाला अब खुद जेल जाने से डरने लगा है। गौरतलब है कि वानखेड़े ने गुरुवार को हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए कहा कि उन्हें आशंका है कि मुंबई पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। महाराष्ट्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि वानखेड़े को वसूली और भ्रष्टाचार के आरोपों के सिलसिले में 72 घंटे का नोटिस दिए बगैर गिरफ्तार नहीं करेगी। नवाब मलिक ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, ''आर्यन खान और दो अन्य को क्रूड रेड केस में बॉम्बे हाई कोर्ट ने जमानत दे दी है। कल ही दो अन्य को भी जमानत मिल गई। ऐसे केस में एस्प्लेनेड कोर्ट से ही जमानत मिल जानी चाहिए थी, लेकिन एनसीबी के वकीलों ने हर दिन नए दलीलों के साथ उन्हें जेल में रखने के लिए हर कोशिश की।

आखिरकार उन्हें जमानत मिल गई है और मैं दोहरा रहा हूं, यह झूठा मुकदमा है।

### समीर की पत्नी का उद्धव को खत

## शिवाजी के राज्य में महिला की गरिमा से खिलवाड़, आज बाला साहेब होते तो...

**मुंबई (एजेंसी)।** आर्यन खान ड्रग केस में नवाब मलिक के आरोपों से संदेह के घेर में आए एनसीबी के जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े की पतनी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को खुला पत्र लिखा है और न्याय की गुहार लगाई है। क्रूज पार्टी ड्रग केस की जांच कर रहे समीर वानखेड़े की पतनी और मराठी एक्ट्रेस क्रांति रेडकर ने उद्धव ठाकरे को लिखे पत्र में कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्य में एक महिला की गरिमा के साथ खिलवाड़ हो रहा है।



आज बाला साहेब ठाकरे होते तो ऐसा नहीं होता। नवाब मलिक के ताबड़तोड़ आरोपों के बाद समीर वानखेड़े की पतनी क्रांति रेडकर वानखेड़े ने महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे को लिखा,'... हमें हर दिन लोगों के सामने अपमानित किया जा रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्य में एक महिला की गरिमा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। अगर बालासाहेब आज यहां होते, तो वे इसे कतई पसंद नहीं करते। उन्होंने ट्विटर पर शेयर किए अपने खत में आगे लिखा, 'वह (बालासाहेब) आज यहां नहीं हैं लेकिन आप हैं। हम उन्हें आप में देखते हैं, हमें आप पर भरोसा है। मुझे विश्वास है कि आप मेरे और मेरे परिवार के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। एक मराठी के रूप में, मैं न्याय की आशा के साथ आपकी ओर देखती हूं।

### पटाखों के बैन पर सुप्रीम कोर्ट बोला-

## रोक किसी समुदाय और समूह विशेष के खिलाफ नहीं है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इस धारणा को दूर किया कि पटाखों पर उसके द्वारा रोक लगाना किसी समुदाय या किसी समूह विशेष के खिलाफ है। कोर्ट ने कहा कि कहा कि आनंद की आड़ में वह नागरिकों के अधिकारों के उल्लंघन की इजाजत नहीं दे सकता है। जस्टिस एम आर शाह और ए एस बोपनन की पीठ ने स्पष्ट किया कि वे चाहते हैं कि कोर्ट के आदेशों का पूरी तरह से पालन किया जाए। पीठ ने कहा, 'आनंद करने की आड़ में आप (पटाखा उत्पादक) नागरिकों के जीवन से खिलवाड़ नहीं कर सकते हैं। हम किसी समुदाय विशेष के खिलाफ नहीं हैं। हम कड़ा संदेश देना चाहते हैं कि हम नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए यहां पर हैं।' कोर्ट ने कहा कि पटाखों पर रोक का पहले का आदेश व्यापक रूप से कारण बताने के बाद दिया गया था। पीठ ने कहा, ''रोक सभी पटाखों पर नहीं लगाई गई है। यह व्यापक जनहित में है। एक विशेष तरह की धारणा बनाई जा रही है। इसे इस तरह से नहीं दिखाया जाना चाहिए कि यह रोक किसी विशेष उद्देश्य के लिए लगाई गई है। पिछली बार हमने कहा था कि हम किसी के आनंद के आड़े नहीं आ रहे लेकिन हम लोगों के मौलिक अधिकारों के रास्ते में भी नहीं आ सकते।' सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उन अधिकारियों को कुछ जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए जिन्हें आदेश को जमीनी स्तर पर लागू करने का अधिकार दिया गया है। पीठ ने कहा कि आज भी पटाखे बाजार में खुलेआम मिल रहे हैं।



पीठ ने कहा, 'हम संदेश देना चाहते हैं कि हम यहां पर लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए हैं। हमने पटाखों पर सौ प्रतिशत रोक नहीं लगाई है। हर कोई जानता है कि दिल्ली के लोगों पर क्या बीत रही है (पटाखों से होने वाले प्रदूषण के कारण)।' दरअसल कोर्ट ने छह (पटाखा) निर्माताओं से कारण बताने को कहा था कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करने पर दंडित क्यों नहीं किया जाए। इससे पहले, कोर्ट ने पटाखों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने से इनकार कर दिया था और कहा था कि पटाखों की बिक्री केवल लाइसेंस प्राप्त व्यापारी ही कर सकते हैं और केवल हरित पटाखे ही बेचे जा सकते हैं। पटाखों की ऑनलाइन बिक्री पर पूरी तरह रोक है। न्यायालय ने वायु प्रदूषण को रोकने के लिए देशभर में पटाखों के निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए दायर याचिका पर यह फैसला सुनाया था।

### कुशीनगर में बड़ा हादसा

## फोरलेन पर अचानक टॉयर फटने से बेकाबू हुआ ट्रक, जीप से टकराया, 3 की मौत

**कुशीनगर (एजेंसी)।** कुशीनगर के तरया सुजान थानाक्षेत्र के लतवा चट्टी बाजार के सामने फोरलेन पर बिहार की तरफ जा रहे एक भारी मालवाहक ट्रक का बाएं तरफ का आगे का टॉयर अचानक फट गया। इससे बेकाबू होकर ट्रक तमकुहीराज से गोपालगंज बिहार के लिए सवारी लेकर जा रही कमांडर जीप से टकरा गया। ट्रक, जीप को ठोकर मारते हुए डिवाइडर तोड़कर सर्विस लेन में जाकर पलट गया। इस दुर्घटना में कमांडर जीप मे सवार दो लोगो की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक अन्य ने जिला अस्पताल पहुंचते-पहुंचते दम तोड़ दिया।दुर्घटना में जीप में सवार चार लोग घायल हो गए। आनन फानन में सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तमकुहीराज ले जाया गया।

जहां सभी की स्थिति नाजुक होने की दशा में डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचते-पहुंचते एक घायल ने दम तोड़ दिया। तीन की हालत नाजुक होने पर उन्हें मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया है। घटना को लेकर मौके पर घंटों अफ़रा तफरी का माहौल बना रहा। मुकामी पुलिस तीनों मृतकों के शवों की शिनाख्त के बाद आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को तरया सुजान थाना क्षेत्र के लतवाचट्टी बाजार में बिहार के तरफ जा रहे एक भारी मालवाहक ट्रक का बाएं तरफ का अगले हिस्से का चक्का फट गया। इससे ट्रक अनियंत्रित होकर तमकुहीराज से बिहार की तरफ जा रहे कमांडर जीप को ठोकर मारते हुए डिवाइडर तोड़कर सर्विस लेन पर जाकर पलट गया।

### अखिलेश का बीजेपी पर हमला

## कहीं किसी कंपनी की गुलाम न हो जाय सरकार

**आजमगढ़ (एजेंसी)।** सपा सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कृषि कानूनों व निजी करण की ओर इशारा करते हुए कहा है कि एक ईस्ट इंडिया कंपनी केवल व्यापार करने आई थी। अपने हिसाब से एक कानून बनवाया और धीरे धीरे देश गुलाम हो गया। वैसे ही अपने देश में कानून बन रहे हैं। उन्होनें आगाह करते हुए कहा कि कहीं ऐसा न हो कि अपने देश की सरकार भी किसी कंपनी की गुलाम हो जाय। भाजपा की सरकार में सबकुछ कंपनियों को दिया जा रहा है। आजमगढ़ के सांसद अखिलेश यादव जिले के हाईस्कूल इंटर के 130 मेधावी छात्रों को गुरुवार को लैपटाप बांटने आए थे। इस दौरान शहर से सटे श्रीदुर्गा जी इंटर कालेज सेहदा में उन्होंने भाजपा सरकार को जमकर कोसा। कहा महंगाई चरम पर है। पेट्रोल डीजल महंगा हो गया है। चुटकी लेते हुए कहा कि सरकार यह इशारा कर रही है कि अब आप लोग साइकिल चलाएं। कहा कि अंग्रेजों ने भी पहले चाय फ्री पिलाई, आज पूरा देश खरीद कर चाय पी रहा है। उसी तरह से सरकार पहले फ्री में रसोंई गैस दी अब महंगा कर दी।



अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी के सीएम योगी को लैपटॉप चलाना नहीं आता है, तभी तो अपने संकल्प पत्र का वादा पूरा नहीं किया। यूपी में लैपटॉप अब तक नहीं बांटा गया। अब जब मैं बांट रहा हूं तो मुख्यमंत्री परेशान हैं कि कौन आ रहा। जनता फ्री लैपटाप टैबलेट देने का वादा करने वालों को ढूंढ रही है। जनता तय कर चुकी है कि भाजपा का सफाया करना है। सपा का लैपटाप खोलेंगे तो पता चलेगा कौन आ रहा। हम लोग नए रास्ते पर चल रहे हैं। सपा ही विकास कर सकती है। आज 130 बच्चों को लैपटाप दिलाकर उन्हें याद दिलाना चाहते हैं। एबुलेंस 108, 102 किसने चलाया। बदलाव से संभव हुआ की एबुलेंस फोन करने पर आ जाती है। सरकार ने व्यवस्था को खराब की है। डायल 100 का नाम बदल दिया। अब 112 से भी पुलिस आती थी।

अखिलेश ने कहा कि सरकार केवल नाम बदल रही है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे को बेहतर बनाने का फैसला लिया था। विकास के लिए इसे बनवा रहा था। काम शुरू हो गया। 120 मीटर चौड़ी सड़क का फैसला सपा का था। भाजपा का नहीं। सपा सरकार रही होती तो यहां भी आगरा की तर्ज पर हवाई जहाज उतार देंते। अखिलेश ने कहा कि सड़क को बेहतर बनाने की बजाय खराब कर दी गई है। सरकार ने सड़क की क्वालिटी खराब कर दिया। हमारे नेताओं की मौजूदगी में शिलान्यास किया। सपा ने सड़क के किनारे किसानों के मंडी, डेयरी आदि बनाने की योजना बनाई थी।

लैपटाप वितरण कार्यक्रम संपनन्‍ होने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का गठबंधन ओवैसी से नहीं, बल्कि ओमप्रकाश राजभर से हुआ है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा को हराने के लिए जो भी दल सहमत हैं, वह हमारे साथ आएं या हम उनके साथ हैं। चाचा शिवपाल यादव से गठबंधन के सवाल पर बोले जल्द ही रास्ता निकाला जाएगा।

## क्रूरता और नफरत हमारे देश को खोखला कर रही, टिकरी पर ट्रक से कुचलकर मरने वाली महिलाओं के लिए राहुल का ट्वीट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा के बहादुरगढ़ में ट्रक की टक्कर से तीन महिला किसानों की मौत को लेकर गुरुवार को कहा कि यह क्रूरता और नफरत इस देश को खोखला कर रही है। उन्होंने इस घटना से जुड़ी खबर साझा करते हुए ट्वीट किया, ''भारत माता- देश की अनन्दाता- को कुचला गया है। यह क्रूरता और नफरत हमारे देश को खोखला कर रही है। मेरी शोक संवेदनाएं। बता दें कि बहादुरगढ़ जिले के टिकरी बॉर्डर के पास गुरुवार की सुबह एक ट्रक के टक्कर मारने से तीन महिला किसानों की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हादसा पकोड़ा चौक पर हुआ, जहां महिलाएं बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन जाने के लिए ऑटो रिक्शा का इंतजार कर रही थीं।



टिकरी बॉर्डर पर केन्द्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ चल रहे किसानों के विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के बाद महिलाएं पंजाब के मानसा जिले स्थित अपने गांव लौट रही थीं। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। उधर, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड इलाके में दो किसानों की मौत की खबर का हवाला देते हुए राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने ट्वीट किया, ''किसान मेहनत कर फसल तैयार करे तो फसल का दाम नहीं....। किसान फसल उगाने की तैयारी करे, तो खाद नहीं...... । खाद नमिलने के चलते बुंदेलखंड के दो किसानों की मौत हो चुकी है। लेकिन किसान विरोधी भाजपा सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। इनकी नीयत और नीति दोनों में किसान विरोधी रवैया स्पष्ट है।

### पाकिस्तान को ही भारी पड़ी रही तालिबान से दोस्ती

## अफगानिस्तान से लगे सीमा पर आतंकी हमले में 8 जवानों की मौत

**पेशावर (एजेंसी)।** तालिबान से दोस्ती अब पाकिस्तान को ही भारी पड़ रहा है। पाकिस्तान से लगने वाली अफगानिस्तान की सीमा पर आंतकी हमले में अभी तक कई जवानों की मौत हो गई है। इस बीच पिछले दो दिनों में पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के क्षेत्रों में सीमा पार से हुए हमले और बम विस्फोटों में 8 और पाकिस्तानी सुरक्षाकमिर्यों की जान चली गई है और एक अन्य घायल हो गया है।डॉन अखबार ने पाकिस्तान सशस्त्र बलों के मीडिया विंग के हवाले से बताया है कि अफगानिस्तान के अंदर के आतंकवादियों ने मंगलवार और बुधवार के बीच कुर्रम जिले में दोनों देशों की सीमा पर लगे बाड़ को पार करने का प्रयास किया था।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (घ्एईं) ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने कबायली जिले में सीमा पार करने के प्रयास को विफल कर दिया। इस दौरान हुई भारी गोलीबारी में दो सैनिकों की मौत हो गई। इसके अलावा लक्की मारवत को मियांवाली जिले से जोड़ने वाली एक व्यस्त सड़क पर मंगलवार को गश्ती के दौरान हुए हमले में चार पुलिस की टुकड़ी मौके पर पहुंचकर हमलावरों की तलाश करने के लिए इलाके में तलाशी शुरू कर दी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि बुधवार को उत्तरी वजीरिस्तान जिले के तीन



कांस्टेबल शहीद हो गए। वहीं, एक दूसरी घटना में लक्की शहर के पास एक पुलिस के प्रमुख पर हमला किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि मोटारसाइकिल सवार हथियारबंद लोगों ने पुलिस वैन पर फायरिंग कर भाग गए। न्यूज रिपोर्ट के अनुसार, घटना के बाद पुलिस अलग-अलग इलाकों में हुए बम हमलों में दो पाक सैनिक मारे गए और एक अन्य घायल हो गया। जबकि अफगान सीमा के दो विस्फोट हुए जिसमें एक-एक सैनिक की मौत हो गई। पहला विस्फोट डेगन इलाके में सड़क के किनारे हुए था जबकि दूसरा रजमक तहसी के गैरुम इलाके में हुआ था।

## ग्लासगो में लक्ष्य तय करने के खिलाफ है भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने कार्बन उत्सर्जन शून्य किए जाने के लिए लक्ष्य तय करने की मांग को खारिज कर दिया है. उसका कहना है कि इस बारे में एक रास्ता सुनिश्चित करना ज्यादा जरूरी है.दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ग्रीनहाउस उत्सर्जक देश भारत से उम्मीद की जा रही है कि वह ग्लासगो में बताए कि कब तक शून्य उत्सर्जन हासिल कर लेगा. भारत ने अब तक तय नहीं किया है कि शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य कब तक पूरा होगा. भारत ने इस मांग को खारिज कर दिया है. भारत के पर्यावरण सचिव आरपी गुप्ता ने कहा कि शून्य उत्सर्जन जलवायु संकट का हल नहीं है. उन्होंने कहा, ठजरूरी यह है कि शून्य उत्सर्जन पर पहुंचने के दौरान आप कितनी कार्बन उत्सर्जित करते हैं.ङ्क भारत सरकार की गणना का हवाला देते हुए आरपी गुप्ता ने कहा कि अब से 2050 तक अमेरिका पर्यावरण में 92 गीगाटन कार्बन उत्सर्जित करेगा और यूरोप 62 गीगाटन।




उन्होंने कहा कि चीन 450 गीगाटन कार्बन छोड़ चुका होगा. भारत कब करेगा वादा? अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों ने 2050 तक कार्बन उत्सर्जन को पूरी तरह खत्म कर देने का लक्ष्य तय किया है. यानी 2050 के बाद ये देश उतनी ही कार्बन वातावरण में छोड़ेंगे, जितनी जंगलों, मिट्टी और अन्य कुदरती साधनों द्वारा सोखी जा सकती है. चीन और सऊदी अरब ने भी अपने लक्ष्य घोषित कर दिए हैं. उन्होंने 2060 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करने का वादा किया है. वैसे, 2060 को भी लक्ष्य के तौर पर प्रभावहीन माना जा रहा है और आलोचकों का कहना है कि अगर अभी प्रभावशाली कदम नहीं उठाए जाते तो ये लक्ष्य बेकार हैं. 31 अक्टूबर से ग्लासगो शुरू होने वाले ण्ध्ड्ड26 सम्मेलन में लगभग 200 देशों के प्रतिनिधि पहुंच रहे हैं। यहां 2015 के पेरिस समझौते से आगे की रणनीति पर चर्चा होनी है. इस बैठक में भारत की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हिस्सा लेंगे. भारतीय अधिकारी कहते हैं कि मोदी का बैठक में हिस्सा लेना इस बात का प्रतीक है कि भारत जलवायु परिवर्तन को गंभीरता से ले रहा है. चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का इस सम्मेलान में आना अभी भी तय नहीं है. ग्लासगो से उम्मीद पर्यावरणविद उम्मीद कर रहे हैं कि ग्लासगो में विभिनन्‍ देश उत्सर्जन घटाने के लिए अपनी नई रणनीतियां और नए लक्ष्य घोषित करेंगे. लेकिन भारत ने पहले ही कह दिया है कि वह कोयले के उपभोग में कमी नहीं करेगा. बीबीसी ने लीक हुई एक रिपोर्ट के हवाले से खबर दी है कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र को स्पष्ट कह दिया है कि अगले कुछ दशकों तक वह कोयले का इस्तेमाल जारी रखेगा।

## जिस फ्रांस के राजदूत को पाकिस्तान से हटाने की हिंसक मांग हो रही, उसी के सामने हाथ फैलाएगी इमरान सरकार?

**नई दिल्ली, इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में फ्रांस के राजदूत को हटाने की मांग को लेकर हिंसा भड़की हुई है। हिंसक झड़प में अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है और कई लोग घायल हो चुके हैं। सरकार ने शांति बनाए रखने के लिए अगले दो महीने के लिए पंजाब प्रांत में रेंजर्स की घोषणा की है। एक ओर जहां पाकिस्तान में फ्रांस के राजदूत को निकालने की मांग हो रही है वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान फ्रांस से निवेश की उम्मीद कर रहा है। पाकिस्तान ने स्पेशल इकॉनोमिक जोन में बिजनेस स्थापित करने के लिए फ्रांसीसी कंपनियों को आमंत्रित किया है। बता दें कि पाकिस्तान में मौजूदा वक्त में 22 ऍ हैं। पाकिस्तान सरकार ने फ्रांसीसी कंपनियों से कहा है कि किसी भी ऍ में बिजनेस स्थापित करें या फ्रांस के लिए विशेष स्पेशल इकॉनोमिक जोन स्थापित की जा सकती है। फ्रांसीसी प्रतिनिधियों ने पाकिस्तान के पर्यटन क्षेत्र में निवेश करने की इच्छा जताई है।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं. UPHIN 2001/9025